तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 22.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 9 मार्च 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


शहर में जगह-जगह लगाए गए बड़े प्रोजेक्टर में मैच का आनंद लेते क्रिकेट प्रेमी।

## खबर संक्षेप

### सीयू में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में 9 एवं 10 मार्च को "युवा एवं महिला उद्यमिता तथा कौशल विकास : विकसित भारत के अवसरों का उद्घाटन" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के साथ शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली तथा एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। यह सम्मेलन युवाओं और महिलाओं में उद्यमिता, कौशल विकास तथा नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा में कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देना, ग्रामीण एवं डिजिटल प्रौद्योगिकी के माध्यम से रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। 9 मार्च को सुबह 10 बजे उद्घाटन होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल अध्यक्षीय उद्बोधन देंगे।

### एयू: पीजी की परीक्षा आज से 49 केंद्रों में

**बिलासपुर** | अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी वार्षिक पद्धति की परीक्षाएं लेने जा रही है। इसी कड़ी में पीजी की वार्षिक परीक्षाएं 9 मार्च से शुरू होने जा रही है। परीक्षा 49 परीक्षा केंद्रों में होगी। इसमें 14 हजार 238 छात्र परीक्षा देंगे। परीक्षा दो पाली में सुबह 7 से 10 और दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगी। दोपहर की पाली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की कक्षाएं संचालित होनी है। एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार यूनिवर्सिटी परीक्षाएं शुरू कर रही है। शनिवार को यूनिवर्सिटी ने सभी परीक्षा केंद्रों में प्रश्नपत्र भेज दिए हैं। सभी केंद्रों को उत्तरपुस्तिका भी भेजी जा चुकी हैं। परीक्षाओं की निगरानी के लिए दो उड़नदस्ता दल का गठन भी किया जा रहा है। प्रवेश पत्र जारी किया जा चुका है। पीजी के छात्रों की प्रायोगिक परीक्षाएं भी हो गई हैं। पीजी की परीक्षाएं 9 से शुरू होकर 24 मार्च तक चलेगी।

### महिला आयोग की सुनवाई कल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा 10 मार्च को जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभाकक्ष में प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक व सदस्य पीड़ति महिलाओं के प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। सुनवाई सुबह 10 बजे से शुरू होगी। इसमें बिलासपुर संभाग के जिलों से प्राप्त पीड़ति महिलाओं के आवेदनों एवं शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। इस अवसर पर आयोग की सदस्य सरला कोसरिया व दीपिका शोरी भी उपस्थित रहेंगी। सुनवाई के दौरान महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा, न्याय तथा राहत के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### लू से बचने जारी की गई एडवाइजरी

**बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बढ़ती गर्मी और लू के खतरे से बचने के लिए विभिन्न उपायों और दिशा निर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया कि धूप और गर्मी में ज्यादा देर रहने के कारण शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है। जिससे लू लगने का खतरा होता है। लू लगने से सिर में भारीपन और दर्द होने लगता है, तेज बुखार के साथ मुंह सूखने लगता है, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ पूरे शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने कारण पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना और बेहोश होना आदि लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

खेल प्रेमियों ने उठाया लुत्फ, जगह-जगह लगाए गए प्रोजेक्टर, भारत की जीत के बाद जमकर मनाई खुशियां

# जीत के जश्न में डूबा शहर, देर रात तक होती रही आतिशबाजी

**रविवार को इंडिया और न्यूजीलैंड का फाइनल मुकाबला देखने के लिए खेल प्रमियों ने बड़े परदे पर लुत्फ उठाया। इस दौरान शहर के चौक चौराहों के अलावा गली मोहल्ले और कालोनियों में बड़े बड़े प्रोजेक्टर लगाकर चौके और छक्के का खेल देखा गया। विश्वकप फाइनल में भारत की जीत के बाद पूरा शहर जीत के जश्न में डूब गया। देर रात तक पूरे शहर में आतिशबाजी होती रही।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

टी 20 वर्ल्ड कप में रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला खेला गया। इस फाइनल मुकाबले के लिए देश के साथ शहर के लोगों में काफी जोश दिखाई दिया। सुबह से ही खेल प्रमियों ने शाम को होने वाले फाइनल मुकाबला देखने के लिए अपनी-अपनी ओर से तैयारी शुरु कर दी। इस दौरान रेलवे के नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के अलावा कारगिल चौक, गोल बाजार चौक, तेलीपारा, मिनोचा कालोनी, उसलापुर रेलवे स्टेशन के रॉयल कोच रेस्टारेंट, चांटापारा, नेहरूनगर के अलावा सरकंडा क्षेत्र में जगह-जगह गली मोंहल्लों और चौक चौराहों पर बड़े परदे पर फाइनल मुकाबला देखने के लिए प्रोजेक्टर लगाया गया। शाम होते ही टॉस होने के बाद बड़े पर्दे के साथ मैच देखने के लिए खेल प्रेमी एकत्रित होने लगे। गली मोहल्लों के साथ चौक चौराहों पर लगाए गए प्रोजेक्टर में मैच का लुत्फ उठाने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। फाइनल मैच देखने के कारण शहर की सड़कें भी सुनसान दिखाई दी। वहीं उसलापुर रेलवे स्टेशन के रॉयल कोच रेस्टारेंट में संचालक निमेश मिश्रा, दीपक अग्रवाल सहित उनके साथियों ने आने वाले लोगों के लिए टीम इंडिया की टी शर्ट गिफ्ट करने के अलावा भोजन व नाश्ते चाय में 30 फीसदी की छूट भी प्रदान की।





**शहर में एक साथ मनी होली और दीपावली**

देर रात विश्वकप में भारत की जीत के साथ ही शहर में जोरदार जश्न मनाने की शुरुआत हो गई। क्रिकेट प्रेमियों ने जगह जगह जमकर आतिशबाजी की। शहर का माहौल दीपावली सा हो गया। शहर में जगह जगह क्रिकेट प्रेमी घूम घूमकर जश्न मनाते रहे। इस दौरान होली और दीपावली एक साथ मनाई गई।



## कुंदन पैलेस में मनाया गया जश्न

भारत और न्यूजीलैंड के बीच आईसीसी टी -20 वर्ल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच देखने के लिए आज श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित कुंदन पैलेस में भारी भरकम एलइडी एलईडी स्क्रीन लगाया गया। जिसमें हजारों की तादाद में क्रिकेट प्रेमियों ने यहां विश्व कप के फाइनल मैच का आनंद लिया और भारत की जीत का जश्न भी मनाया।

क्रिकेट मैच का क्रिकेट मैच में फाइनल फाइनल मैच का आनंद लेने वालों में प्रमुख रूप से अमरजीत सिंह दुआ, परमजीत सिंह सलूजा, प्रितपाल बाली, सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, राजवेंद्र सिंह गंभीर, विनोद मेघानी, धीरेंद्र केसरवानी, कमल जैन, नरेंद्र सिंह सलूजा, गुरदीप सिंह अजमानी, राजेश मुदलियार, अमनदीप सिंह, श्रीकांत सहारे, हरभजन सिंह, सुरेंद्र सिंह चावला, नितिन सलूजा, गणेश रजक, मनजीत सिंह अरोड़ा, करण सिंह अरोड़ा, राजेंद्र सिंह गुरु दत्ता, रवप्रीत सिंह गुरु दत्ता, नरेंद्र एस गांधी, देवेंद्र टुटेजा, हरभजन सिंह गंभीर, श्रीकांत सहारे, सौरभ बंसल, अशफाक भारमल, संजय शर्मा, राजू राणा, देवेंद्र जैन, तनिष्क जैन, सीमा जैन, श्रीमती हरजीत अरोड़ा, एक जोत कौर अरोड़ा, सफदर अली, शकील खान, संजय केसरवानी के अलावा काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी यहां मौजूद थे। सभी ने एक दूसरे को बधाई दी।

## दूषित भोजन करने से 22 बीमार, अस्पताल में भर्ती



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शादी घर में नाश्ता करने के बाद 22 लोगों की तबियत खराब हो गई। पीड़ितों को मस्तूरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

- पचपेड़ी क्षेत्र का मामला
- शादी घर में किया था नाश्ता

पचपेड़ी खेत्र के मुकुंदपुर निवासी मंगलू पैकरा के घर में बेटी की शादी है। शनिवार को उनके यहां हल्दी का कार्यक्रम था। कार्यक्रम के बाद रात में परिवार के लोग भोजन करने के बाद सो गए। रविवार की सुबह नाश्ता करने के बाद एकाएक महिला पुरूष बच्चे सहित 22 लोगों की तबियत खराब होने से शादी घर में हड़कंप मच गया। खराब भोजन खाने से सभी लोग फूड पायजनिंग का शिकार हो गए। आनन फानन में सभी पीड़ितों को मस्तूरी अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों की निगरानी में पीड़ितों की इलाज किया जा रहा है। पीड़ितों में जीविका पैकरा, आशु पैकरा, भारती पैकरा, डॉली पैकरा, उर्वशी पैकरा, उत्तरा पैकरा, अनिता पैकरा, शिवानी, जाहित माटी, भूमिका, नागेश, नीलम, तिहारन बाई, अमर सिंह, अजय राम, यमादी बाई, राजेश रचित पैकरा, कवि पैकरा, ललिता, गोमती, सरस्वती, राजधर व अन्य शामिल हैं। मस्तूरी टीआई अजहरउद्दीन ने बताया कि फूड पायजनिंग होने पर 20 से 25 लोगों को इलाज के लिए मस्तूरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### आरपीएफ ने बिछड़े बच्चे को परिजन से मिलाया

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर परिजन के साथ मौजूद बच्चा बिछड़ गए, जिसकी सूचना मिलते ही टीम ने तत्काल खोजबीन करने के बाद परिजन से मिलाने का काम किया।

रविवार को एक परिवार अपने छोटे बच्चे के साथ बिलासपुर से कटनी जाने के लिए जोनल रेलवे स्टेशन पहुंचकर जनरल वेटिंग हॉल में ट्रेन का इंतजार कर रहा था। इस दौरान भीड़भाड़ में बच्चा अचानक अपने परिजन से बिछड़ गया और भटकते हुए प्लेटफार्म की ओर चला गया। बच्चे के अचानक गुम होने के कारण परिजन भी परेशान होने लगे। ड्यूटी पर मौजूद वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम की नजर अकेले रोते हुए बच्चे पर पड़ी। उन्होंने तत्काल बच्चे को सुरक्षित अपने संरक्षण में लेकर सूचना रेलवे सुरक्षा बल और चाइल्ड हेल्पलाइन को दी। आरपीएफ और स्पेशल टीम ने संयुक्त रूप से स्टेशन परिसर और वेटिंग हॉल में बच्चे के माता-पिता की खोजबीन शुरु की। स्टेशन पर अनाउंसमेंट और खोजबीन के माध्यम से कुछ देर में बच्चे के परिजन का पता लगाया गया। आवश्यक कागजी प्रक्रिया और पहचान सुनिश्चित करने के बाद बच्चे को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया।

# 12 लाख हितग्राहियों को तीन महीने से राशन मिलने का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खाद्य विभाग की लापरवाही और नियमों की गलत व्याख्या ने प्रदेश के गरीब परिवारों को भारी संकट में डाल दिया है। जिन राशन कार्डों में चार या उससे अधिक सदस्य दर्ज हैं और उनमें से एक की भी केवाईसी अपडेट नहीं है तो उनका पूरा चावल आवंटन रोक दिया गया है। इससे हजारों परिवारों की थाली से अनाज गायब हो गया है। इस फैसले का सीधा असर प्रदेशभर के करीब 12 लाख लोगों पर पड़ा है। बिलासपुर में ऐसे प्रभावित सदस्यों की संख्या लगभग 12 हजार बताई जा रही है तो रायपुर में 14 हजार गरीब, मजदूर, बुजुर्ग और बीमार लोग महीनों से राशन के लिए भटक रहे हैं।

दरअसल सरकारी नियमों के अनुसार, जिस सदस्य की केवाईसी अपडेट नहीं है, केवल उसी सदस्य का खाद्यान्न रोका जाना चाहिए। इसके बावजूद विभाग ने नियमों को दरकिनार करते हुए पूरे परिवार का राशन बंद कर दिया। हैरानी की बात यह है कि जिन राशन कार्डों में तीन सदस्य दर्ज हैं, वहां केवाईसी अधूरी होने के बावजूद राशन वितरण जारी रखा गया है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के एक हजार से अधिक कुष्ठ रोगियों को पिछले तीन महीनों से चावल नहीं मिला है। केवाईसी अपडेट न होने का हवाला देकर गंभीर बीमारी से जूझ रहे जरूरतमंदों को भी राशन से वंचित किया जा रहा है।



**गरीबों की थाली पर सीधा असर**

- नियमों की गलत व्याख्या ने प्रदेश के गरीब परिवारों को परेशानी में डाला, गरीब, मजदूर, बुजुर्ग और बीमार लोग महीनों से राशन के लिए भटक रहे हैं
- जिन राशन कार्डों में चार या उससे अधिक सदस्य दर्ज हैं और उनमें से एक की भी केवाईसी अपडेट नहीं है तो उनका पूरा चावल आवंटन रोक दिया गया है

### मेरा ई-केवाइसी ऐप से घर बैठे कराएं

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य के सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में संचालित ई-पास मशीन में ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जारी 'मेरा ई-केवाईसी' ऐप के माध्यम से भी ई-केवाइसी किए जा सकते हैं।

### केवाइसी की सुविधा है

सभी 14,040 पीडीएस दुकानों में ई-पास मशीनों से ई-केवाइसी की सुविधा उपलब्ध है। ऑनलाइन भी केवाईसी की जा सकती है। सभी सदस्यों को जल्द ई-केवाइसी करा लेनी चाहिए।

\- **इफ्तआरा,** प्रबंध संचालक, नान

### पीडीएस स्टॉक पर उठे सवाल

पीडीएस स्टॉक का नियमित भौतिक सत्यापन नहीं होने से व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सहकारी समितियों और शासकीय उचित मूल्य दुकानों में चावल वितरण को लेकर अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि गरीबों के हक का चावल घोटाले के जरिए दूसरे राज्यों में बेचा जा रहा है। पार्टी का दावा है कि केवाईसी के नाम पर राशन रोककर कालाबाजारी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### केवाईसी की अंतिम तिथि 31 तक

लोगों का कहना है कि केवाईसी जैसी तकनीकी प्रक्रिया को आधार बनाकर पूरे परिवार का राशन रोकना न सिर्फ अमानवीय है, बल्कि खाद्य सुरक्षा कानून की मूल भावना के भी खिलाफ है। जरूरतमंदों को राहत देने के बजाय विभागीय मनमानी ने संकट और बढ़ा दिया है। अब विभाग ने 31 मार्च तक हर हाल में केवाईसी की अंतिम तिथि रखी है। खाद्य विभाग ने इसके लिए खास अभियान चलाने चलाने की भी बात कही है।

महिला दिवस पर रेल अफसरों ने सौंपी ट्रेनों की कमान

# वंदेभारत एक्सप्रेस का संचालन महिला चालकों के हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नई पहल करते हुए जोन की सबसे प्रीमियम और मुख्य ट्रेन वंदेभारत एक्सप्रेस की कमान महिला दिवस के अवसर पर महिला टीटीई के साथ अब महिला चालकों के हवाले कर दिया है, जो बिलासपुर से नागपुर और नागपुर से बिलासपुर के बीच ड्यूटी करेंगी। कामर्शियल विभाग के अफसरों की इस नई पहल से महिलाओं में वंदेभारत में ड्यूटी करने का सपना पूरा हो गया है।

दूसरे जोन के साथ एसईसीआर बिलासपुर जोन में तीन वंदेभारत एक्सप्रेस परिचालन किया जा रहा है। इन वंदेभारत में 20829 दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदेभारत एक्सप्रेस, रायपुर-जबलपुर वंदेभारत एक्सप्रेस के अलावा एक वंदेभारत एक्सप्रेस की सौगात बिलासपुर जोनल स्टेशन को भी



दी गई है, जो सप्ताह में एक दिन शनिवार को छोड़कर 6 दिन बिलासपुर से रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया होते हुए नागपुर तक आना-जाना करती है। चेयर कार और एग्जक्यूटिव चेयर कार के अलावा लग्जरी ट्रेनों में शामिल वंदेभारत एक्सप्रेस के शुरुआत परिचालन के दौरान पुरुष टीटीई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही थी। बिलासपुर के टीटीई सुबह बिलासपुर से नागपुर के लिए रवाना होते थे। यही टीटीई दोपहर को नागपुर से बिलासपुर आने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में बिलासपुर शाम तक पहुंच रहे थे। कामर्शियल विभाग में पुरुष वर्ग टीटीई और सीटीआई के अलावा महिलाओं की संख्या भी कम नहीं हैं, जो वर्तमान में एक्सप्रेस, सुपरफास्ट ट्रेनों में बिलासपुर से झारसुगुड़ा, बिलासपुर से शहडोल और बिलासपुर से रायपुर के बीच टिकिट चेकिंग में ड्यूटी कर रही हैं। बिलासपुर रेल मंडल के कामर्शियल विभाग के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने महिला दिवस के अवसर पर और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वंदेभारत एक्सप्रेस की कमान महिला टीटीई के हवाले करने का आदेश दे दिया है, जिसे रविवार 8 मार्च से बिलासपुर से नागपुर के लिए रवाना होने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में लागू कर दिया गया है। प्रतिदिन वंदेभारत एक्सप्रेस में बिलासपुर डिवीजन की चार महिला टीटीई बिलासपुर से नागपुर तक और नागपुर से बिलासपुर तक टिकिट चेकिंग करने की ड्यूटी करेंगी। इसके अलावा आपरेटिंग विभाग ने भी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए वंदेभारत एक्सप्रेस के इंजन की कमान महिला चालक और परिचालक के हवाले कर दी है।



**तीन ट्रेनों में दी गई जिम्मेदारी**

रेलवे के अनुसार महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए रेल अफसरों से बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली अप-डाउन वंदेभारत एक्सप्रेस, बिलासपुर से कोरबा पैसेंजर और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में कोरबा से बिलासपुर तक टिकिट चेकिंग की जिम्मेदारी महिला टिकिट चेकिंग स्टाफ को सौंपी है। इसके साथ ही यूटीएस और पीआरएस काउंटर पर पहली पाली में महिलाओं की ड्यूटी लगाई है।

## खबर संक्षेप

### 15 वां रोजा अफ्तार जेल मे बंदियों के बीच खुशनुमा माहौल में संपन्न



**बिलासपुर।** छग मुस्लिम विकास संघ द्वारा केंद्रीय आदर्श जिला जेल में 15 वां रोजा अफ्तार कार्यक्रम बंदियों की बीच 5 मार्च को सम्पन्न हुआ। रोजा अफ्तार के बाद मगरिब की नमाज हाफ़जि अकरम रिज़वी ने अता कराई। इस मुबारक मौके पर अब्दुल इब्राहिम पार्षद ने रमजान की मुबारक बाद देते हुए कहा कि आप इबादत करे और गुनाहो से तोबा कर एक अच्छे इंसान बन कर इस जेल से बाहर निकले। इनके अलावा जेल अधिकारी विजय आनद, अलीम अंसारी, शाहिद मोहम्मद ने भी बंदियों को नेक रास्ते पर चलकर इस कारावास से बाहर निकलने की बात कही। इस मुबारक मौक पर लाल मोहम्मद, अब्दुल फ़िरोज़, शोहेल खान, शेरू ख़ान, शहबाज़ ख़ान, मो. रेहान, असलम अली, तनवीर खान,हसन अली, अलीम खान, असगर खान, इल्यास अहमद एवं जेल अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मजहर खान ने किया।

### डॉ. गीता प्रदेश कोषाध्यक्ष, डॉ. प्रसून विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त

**बिलासपुर।** समाजसेवी डॉ. गीता सिंह को भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से संगठन और महिलाओं में उत्साह का माहौल है। उम्मीद जताई जा रही है कि वह संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और संगठन मंत्री पवन साय के मार्गदर्शन तथा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रवीण कुमार दुबे ने समाजसेवी डॉ. गीता सिंह को सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति से संगठन के कार्यकर्ताओं और महिलाओं में खुशी की लहर देखी जा रही है। इसी तरह भाजपा ने डॉ. प्रसून चतुर्वेदी को पार्टी का जिला विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया है। पार्टी के प्रदेश एवं जिला नेतृत्व द्वारा यह जिम्मेदारी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से दी गई है। डॉ. चतुर्वेदी पिछले दो दशकों से सामाजिक और वैचारिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। डॉ. चतुर्वेदी लंबे समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में जुड़े रहे हैं। संघ की विचारधारा और संगठनात्मक कार्यों से प्रेरित होकर उन्होंने सामाजिक गतिविधियों में योगदान दिया है।





### जीडीसी भूगोल की छात्राओं ने किया भौगोलिक भ्रमण



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय की बी.ए. छठवें सेमेस्टर भूगोल की छात्राओं ने शैक्षणिक भौगोलिक भ्रमण किया। इस भ्रमण के अंतर्गत छात्राओं ने छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों ''सोमनाथ, दामाखेड़ा, मडकू द्वीप एवं ताला'' का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्रओं ने प्राचीन ''शिव मंदिर सोमनाथ'' के दर्शन किए तथा ''शिवनाथ संगम स्थल'' पर नौका विहार करते हुए समीप स्थित क्षेत्र का भौगोलिक अवलोकन किया। इसके पश्चात कबीरपंथियों की आस्था के प्रमुख स्थल ''दामाखेड़ा'' में कबीर परंपरा के बारे में जानकारी प्राप्त की। यहां स्थित समाधि स्थल के दर्शन के साथ–साथ कबीर परंपरा के इतिहास का भी अध्ययन किया गया। छात्रओं ने ''मदकू द्वीप'' की भौगोलिक विशेषताओं का भी अवलोकन किया। यहां स्थित पुरातात्विक महत्व के मंदिरों की श्रृंखला, ''अष्टभुजी गणेश मंदिर'' एवं ''रुद्राक्ष वाटिका'' का भ्रमण किया तथा द्वीप की वनस्पति, मिट्टी और तटीय स्थला—ति का अध्ययन किया। यात्रा के अंतिम पड़ाव में ''ग्राम ताला'' में स्थित प्रसिद्ध ''रुद्र शिव प्रतिमा'', ''देवरानी–जेठानी मंदिर'' तथा ''मनिहारी नदी तट'' का अध्ययन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में कुल 68 छात्रएं शामिल थीं। भ्रमण प्रभारी 'संगीता शुक्ला रहीं। उनके साथ डा कावेरी दाभडकर डा. आशीष मांझी, डा माधुरी सिंह एवं 'कलेश्वर बघेल ने संपूर्ण भ्रमण में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### शिवघाट-पचरीघाट बराज तैयार लबालब नजर आएगी अरपा



**बिलासपुर।** अरपा नदी पर शिवघाट एवं पचरीघाट में बनाए जा रहे दो बराज पूरी तरह बनकर तैयार हो चुके हैं। ऐसे में इस साल बारिश में अरपा नदी का नजारा कुछ खास ही होगा। पचरीघाट जूना बिलासपुर से लेकर शिवघाट सरकंडा तक अरपा नदी पानी से लबालब नजर आएगी। शहरवासियों का अरपा नदी को पानी से लबालब देखने का सपना इस साल साकार हो सकेगा। अरपा नदी पर शिवघाट एवं पचरीघाट में बनाए जाने वाले दोनों ही बराज लगभग बनकर तैयार हो चुके हैं। शिवघाट तो शत प्रतिशत तैयार है, वहीं पचरीघाट में 99 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। पचरीघाट में सिविल वाला वर्क पूरा किया जा चुका है, अंतिम चरणों में गेट के लिए वायरिंग का काम चल रहा है। ये भी इसी महीने के आखिर तक पूरा कर लिया जाना है। इस साल दोनों ही बराज के गेट बंद कर दिए जाने के बाद अरपा नदी में पानी लबालब नजर आएगा। अब तक पेंड्रा की ओर से प्रवाहित होकर आने वाला पानी आगे निकल जाता था, जिससे अरपा नदी बारिश के दिनों में भी सूखी ही नजर आती थी। बराज निर्माण के बाद अब ऐसी स्थिति नहीं रहेगी। शिवघाट बराज वैसे तो बीते साल ही बनकर तैयार हो चुका था, जिसकी सफल टेस्टिंग भी कर ली गई थी, लेकिन बराज के आसपास अतिक्रमण कर घर बनाकर रहने वालों के घरों में बराज का पानी प्रवेश करने के कारण उसी दिन शाम को ही बराज के गेट खोलने पड़े थे। इन अतिक्रमणकारियों को कोनी स्थित अटल आवास में शिफ्ट किया जाना है। कोनी में शिफ्टिंग के बाद उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत न हो।

**कई सालों से चल रही विस्थापन की प्रक्रिया** | **एटीआर के 171 परिवारों को बसाया जा रहा मुंगेली में**

# विस्थापितों को बसाने अब जमीन की तलाश मरवाही में

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व के तीन गांव के 171 परिवारों का नए स्थान पर विस्थापन शुरु कर दिया गया है। इसके तहत पहले चरण में मुंगेली वन मंडल के क्षेत्र में सावंतपुर और भरतपुर के 255.300 हेक्टेयर जगह चिन्हांकित की गई है। इन तीन गांव के अलावा 16 गांव के 10 हजार से अधिक परिवार का भी विस्थापन किया जाना है, जिसके लिए अब जमीन की तलाश मरवाही में शुरू कर दी गई है।

एटीआर जंगल में बसे ग्रामीणों को दूसरे स्थान पर विस्थापित करने की प्रक्रिया कई साल से चल रही है। पूर्व में 6 गांव में रहने वाले लोगों को लोरमी और मुंगेली क्षेत्र में विस्थापित करने के उपरांत चार साल से कोर जोन में बसे तीन गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के करीब 133 परिवारों के विस्थापन करने का कार्य हो रहा है। पूर्व राज्य सरकार ने ग्रामीणों को विस्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपए से अधिक राशि का बजट प्रस्ताव बनाया, लेकिन बाद में यह योजना भी ठंडे बस्ते में चली गई। एटीआर प्रबंधन ने तीनों गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के ग्रामीणों के विस्थापित की योजना शुरु कर दी गई है, जिनके 171 परिवार के लिए मुंगेली के जोगीपुर और भरतपुर में 255.300 हेक्टेयर जगह चिन्हांकित की गई है। इन 171 परिवार में से प्रत्येक परिवार को 15-15 लाख रुपए की राशि दी जानी है, ताकि वे एटीआर को खाली करने के बाद दूसरे स्थान पर चले जाएं। इन सभी परिवारों के लिए मुंगेली वन मंडल क्षेत्र में जगह चिन्हांकित करने के बाद पहले चरण में पेड़ों की कटाई का कार्य शुरु कर दिया गया है, जिसमें कटाई का कार्य वर्तमान में 30 फीसदी कम्पलीट हो चुका है। तीन गांव के अलावा 16 गांव कोर जोन में अचानकमार, बिंदावल, सारसडोल, छपरवा, लमनी, अतरियाखार, रंजकी, सुरही, अतरिया, बम्हनी, कटामी, जांकडबांधा, निवासखार, महामाई, डंगनिया और राजक एवं बफर जोन में जमुनाही, बोईरहा, पटपरहा, चकदा व सिवलखार आदि शामिल है। इन गांव के लोगों ने पहले शिवतराई के पास जगह देखी थी, जहां रहने के लिए सभी ग्रामीणों ने अपनी अनुमति भी प्रदान कर दी।

शिवतराई में पंचायत ने ग्रामीणों का विस्थापन करने से मना कर दिया, जिसके बाद अब जमीन की तलाश एटीआर के पास मरवाही वन मंडल के आसपास शुरु कर दी गई है। इसके लिए एटीआर प्रबंधन लगातार जिला प्रशासन के अफसरों से चर्चा कर रहा है।

#### ज्यादातर परिवार चाहते हैं आवास

एटीआर प्रबंधन के अनुसार मुंगेली के भरतपुर में बिरारपानी और छिरहट्टा के ग्रामीणों को और सावतपुर में तिलईडबरा के ग्रामीणों को विस्थापन करने का कार्य किया जाएगा। इसमें 133 परिवार हैं, जिसमें से 15 लोगों ने आप्शन वन के तहत 15 लाख रुपए की मांग की है। वहीं 111 परिवार मकान, खेत व अन्य सुविधाएं लेना चाहते हैं। इसमें प्रति परिवार को 2.3 हेक्टेयर जमीन दी जाएगी। इन तीन गांव को विस्थापन करने के बाद 16 गांव शेष बचेंगे, जिनके रहवासियों को जगह दिखाई जा रही है। सभी के सामने आप्शन भी रखे जा रहे हैं, जिसमें ज्यादातर परिवार की पहली पसंद मकान है।

#### की जा रही है चर्चा

एटीआर अफसरों के अनुसार 19 गांव में से तीन गांव तिलईडबरा, बिरारपानी, छिरहट्टा में रहने वाले 171 परिवार के लिए मुंगेली में जगह चिन्हांकित की गई है। इसके लिए स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड की तरह केन्द्रीय बोर्ड भी होती है, जिससे एप्रुवल मिलने के बाद तीनों गांव का विस्थापन कर दिया जाएगा। प्रत्येक घर के अलावा किसानी के लिए खेत व बच्चों के लिए गार्डन या फिर परिवार को 15-15 लाख रुपए दिया जाना है। इस कार्य के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है। इसके अतिरिक्त 16 गांव के लिए मरवाही में जगह देखी जा रही है। इस कार्य के लिए जिला प्रशासन के अफसरों से भी चर्चा हो रही है। प्रयास है कि जल्द से जल्द विस्थापन का कार्य पूरा हो जाए।

#### जहां जगह मिल जाए

अचानकमार टाइगर रिजर्व के विस्थापित 19 गांव में तीन गांव के विस्थापन का कार्य किया जा रहा है। वहीं बचे हुए 16 गांव भी हैं, जिनके निवासियों को विस्थापित करने के लिए आसपास के सभी स्थानों में जगह तलाश की जा रही है। यह स्थान ग्रामीणों को पसंद आना चाहिए, जिसके लिए मरवाही में जमीन देखी जा रही है।

**-यू आर गणेश**, डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

**बिलासपुर-कटनी के बीच बेरियर घंटों बंद से हो रही थी परेशानी**

# अमेरी रेल क्रासिंग : अंडरब्रिज बनने से मिली लोगों को राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

11 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत से अमेरी रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके बनने के बाद अमेरी से बिलासपुर की ओर आने-जाने वाले लोगों को काफी राहत मिल रही है।

बिलासपुर से उसलापुर रेलवे स्टेशन के बीच चार रेल क्रासिंग तारबाहर, तिफरा, अमेरी और उसलापुर बनाए गए हैं, जिसमें से तारबाहर में रोड अंडरब्रिज, तिफरा में रोड ओवरब्रिज और उसलापुर रेलवे स्टेशन के पहले रोड ओवरब्रिज का निर्माण कर दिया गया है। अमेरी रेलवे क्रासिंग पर कई सालों से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरव पथ सेंट फ्रांसिस स्कूल से लेकर अमेरी की ओर जाने वाले मार्ग के बीच बने रेलवे फाटक से प्रतिदिन 25 हजार से अधिक लोग आना-जाना करते हैं, जिसमें बच्चों के साथ कार्यालयीन कर्मचारी-अधिकारी और ग्रामीणों की संख्या काफी अधिक है। अमेरी रेल क्रासिंग बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच बने रेल लाइन की प्रमुख लाइन में से एक है, जहां से प्रतिदिन 150 से अधिक मालगाड़ियों के साथ कटनी की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियों का परिचालन किया जाता है। प्रतिदिन एक घंटे में ट्रेन गुजरने का आंकड़ा 5 से 10 का होता है, जिसके कारण फाटक ज्यादातर बंद रहते हैं। लोगों की परेशानियों को देखते हुए कई सालों से एक रोड अंडरब्रिज बनाने की मांग की जा रही थी, इसके लिए जोन मुख्यालय की ओर से रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इस प्रस्ताव के बाद रेलवे बोर्ड ने राज्य शासन की अनुशंसा के साथ 11 करोड़ 52 लाख रुपए में रोड अंडरब्रिज बनाने की स्वीकृति दे दी। करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले अंडरब्रिज का काम वर्ष 2022-23 में शुरु कर दिया गया था, जो वर्तमान में लोगों की आवाजाही के लिए ओपन कर दिया गया है।

#### रेलवे ने किया पूरा काम

जानकारी के अनुसार वर्ष 2022-23 में रेलवे और मार्च 2023 में राज्य शासन की मंजूरी के बाद रोड अंडरब्रिज के लिए 11 करोड़ 52 लाख रुपए सेंक्शन किए गए। इसमें लोक निर्माण के सेतु विभाग को 5.76 करोड़ रुपए मंजूर हो चुके थे। सेतु विभाग को यह राशि रेलवे के पास जमा करना था, जिसके उपरांत रेलवे ने अंडरब्रिज का काम शुरु कर दिया। इस कार्य के लिए ड्राइंग और डिजाइन पूर्व में ही बना ली गई थी।

#### लोगों को मिल रही सुविधा

अमेरी रेल क्रासिंग पर फाटक बंद के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही थी, जिसे देखते हुए अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके ओपन होने के बाद लोगों को भी राहत मिल रही है। वहीं ट्रेन परिचालन भी सुचारू रूप से किया जा रहा है।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# सिटी केयर डायग्नोस्टिक्स' का डिप्टी सीएम साव ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



'सिटी केयर डायग्नोस्टिक्स' का भव्य उदघाटन उपमुख्यमंत्री अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक धरम लाल कौशिक, अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव के आतिथ्य में किया गया।

महिला दिवस पर न्यायधानी बिलासपुर को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की एक बड़ी सौगात मिली है। राजीव गांधी चौक रायपुर रोड पर आधुनिक 'सिटी केयर डायग्नोस्टिक्स सेंटर' का भव्य शुभारंभ छत्तीसगढ़ शासन के दिग्गजों और वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने सेंटर का भ्रमण कर यहाँ उपलब्ध विश्वस्तरीय चिकित्सा मशीनों और जांच सुविधाओं की सराहना की। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में निजी क्षेत्र की सहभागिता से जनता को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी। वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सटीक जांच ही सही इलाज की पहली सीढ़ी है, और यह केंद्र बिलासपुर के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। बिलासपुर में आधुनिक डायग्नोस्टिक्स सेंटर का प्रारंभ होना क्षेत्र की जनता के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली 150 से ज्यादा महिला नर्सिंग स्टाफ, महिला पैरा मेडिकल कर्मियों एवं मितानिन बहनों को सम्मानित भी किया गया।सेंटर का संचालन डॉ. विनीत महेश्वरी, डॉ. शुभकिर्ती, डॉ. विवेक महावार, डॉ बबलेश महावार, डॉ अमन अग्रवाल, डॉ मृत्युंजय सर्राफ द्वारा किया जाएगा। डॉ विनीत माहेश्वरी ने बताया कि इस सेंटर में अत्याधुनिक मशीनों और अनुभवी विशेषज्ञों की टीम के माध्यम से उच्च स्तरीय जांच सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे मरीजों को विश्वसनीय और त्वरित रिपोर्ट मिल सकेगी।

सेंटर का मुख्य उद्देश्य मरीजों को एक ही छत के नीचे सटीक, विश्वसनीय और त्वरित डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान करना है। अतिथियों ने कहा कि यह केंद्र बिलासपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा और गति प्रदान करेगा।

# लिंगियाडीह चौक पर धरना जारी



**बिलासपुर।** लिंगियाडीह स्थित दुर्गा नगर वार्ड क्रमांक 52 में नगर निगम द्वारा गरीब निवासियों के मकान तोड़ने की कार्रवाई को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। 100 से अधिक महिलाओं का लिंगियाडीह चौक में धरना प्रदर्शन 107 दिनों से जारी है।

महिला दिवस पर भी महिलाएं निगम और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करती रहीं। महिलाओं का कहना है कि वे दशकों से इस क्षेत्र में रह रही हैं और बार-बार की तोड़फोड़ कार्रवाई ने उनके जीवन को अस्थिर बना दिया है। वे पिछले 50 वर्षों से लिंगियाडीह क्षेत्र में रह रहे हैं। उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से घर बनाए हैं, जिन पर अब निगम का बुलडोजर चल रहा है। महिलाओं ने यह भी कहा कि घर टूटेगा तो हम जिंदा नहीं बचेंगे, यह मांगे नहीं, हक है जो चाहिए। इसके लिए जहर ही क्यों न पीना पड़े।धरने पर बैठीं 100 से अधिक महिलाओं के मुताबिक यह संघर्ष अब सिर्फ भूमि विवाद नहीं बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है। महिलाओं के साथ बच्चे भी चौक पर धरना देकर बैठे हुए हैं।

### आईटीआई में भर्ती मामले की चल रही जांच

**बिलासपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर अंतर्गत आईटीआई मुंगेली जिले में आईटीआई में मेहमान प्रवक्ताओं की भर्ती में गड़बड़ी मामले की शिकायत तकनीकी शिक्षा संचालनालय में हुई थी। इस पर संचालनालय ने ज्वाइंट डायरेक्टर आफिस बिलासपुर को जांच करने के निर्देश दिए हैं। तकनीकी शिक्षा संचालनालय के निर्देश पर ज्वाइंट डायरेक्टर क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर द्वारा आईटीआई मुंगेली में मेहमान प्रवक्ताओं की भर्ती मामले की जांच की जा रही है। मुंगेली जिले के ही बसंत कुमार नामक एक उम्मीदवार ने इस मामले की शिकायत संचालनालय से की थी। शिकायत के अनुसार जिला नोडल संस्था औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जमकोर, मुंगेली में सत्र 2024-25 के लिए हुई मेहमान प्रवक्ताओं की भर्ती प्रक्रिया भ्रष्टाचार और गंभीर विधिक अनियमितताओं के घेरे में आ गई है।

# कोसा-कॉटन हाथकरघा की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी शुरू

**बिलासपुर।** शासन के ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत जिला हाथकरघा कार्यालय द्वारा "कोसा एवं कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़" हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी-सह-विक्रय का आयोजन 8 मार्च से 15 मार्च तक राघवेंद्र राव सभा भवन, कंपनी गार्डन के पास किया जा रहा है।

प्रदर्शनी का शुभारंभ महापौर पूजा विधानी ने किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती विधानी ने प्रदेश के बुनकरों द्वारा तैयार किए गए कोसा एवं सूती वस्त्रों की कलात्मक डिजाइनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का कोसा वस्त्र देश-विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। यह आम लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर छत्तीसगढ़ के हाथकरघा, हस्तशिल्प और खादी उत्पादों की कलात्मकता को देखा। प्रदर्शनी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के हाथकरघा बुनकरों, हस्तशिल्प कारीगरों और खादी उत्पादकों को अपने उत्पादों के विपणन के लिए उपयुक्त मंच उपलब्ध कराना। उनकी कला को आम नागरिकों तक सीधे पहुंचाना है। इसके माध्यम से उपभोक्ताओं से नए-नए डिजाइनों के लिए सुझाव प्राप्त कर उत्पादों में नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रदर्शनी में रायगढ़, चांपा, बिलासपुर, चंद्रपुर, छुरी, सिवनी, लोफंदी एवं बिलाईगढ़



क्षेत्र की बुनकर समितियों के 24 प्रतिनिधियों सहित हस्तशिल्प और खादी ग्रामोद्योग से जुड़े कारीगरों ने भाग लिया है। यहां कोसा साड़ियां, कोसा मलमल, कोसा ड्रेस मटेरियल, कोसा सलवार सूट, कोसा बाफटा, सूती साड़ियां, कॉटन शर्टिंग-सूटिंग, दुपट्टे, बेडशीट, बेड कवर, पिलो कवर, तौलिए, नैपकिन और गमछा जैसे आकर्षक उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया जा रहा है। नोडल अधिकारी एवं उप संचालक हाथकरघा डोमेश्वर धकाते ने बताया कि यह प्रदर्शनी 8 मार्च से 15 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुली रहेगी।

# चंद्रा विकास समिति ने किया प्रतिभावानों का सम्मान



**बिलासपुर।** चंद्रा विकास समिति द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिभावान एवं जनप्रतिनिधि सम्मान के साथ कैरियर गाइड कार्यक्रम का आयोजन पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में किया गया।

समिति के महासचिव जी आर चंद्रा एवं सचिव कन्हैयालाल चंद्रा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक धरमलाल कौशिक, अध्यक्षता श्यामलाल चंद्रा ने की। विशिष्ट अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला, मेयर पूजा विधानी, पूर्व विधायक जैजैपुर केशव चंद्रा, द्रौपदी कीर्तन चंद्रा शक्ति, हरि किशोर चंद्रा रायगढ़, कृष्णकांत चंद्रा की उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष 1, सदस्य 3, नगर पंचायत अध्यक्ष 2, जनपद पंचायत सदस्य 16, सरपंच 23 एवं प्रतिभावान छात्र 13 सब इंस्पेक्टर एडीओ, शिक्षक, ब्रांच मैनेजर सहित चयनित 25, विशेष योग्यता पीएचडी अन्य क्षेत्र में चयनित 25 सहित कुल 100 से अधिक लोगों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री कौशिक ने कहा कि समाज को एकत्रित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम समय-समय में होने चाहिए जिससे समाज के एक अच्छा संदेश जाता है। हमें आधुनिक कृषि के क्षेत्र में विशेष ध्यान देना चाहिए। विशिष्ट अतिथियो ने समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। करियर गाइड को डीएसपी मणि शंकर चंद्रा रायपुर, डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा, डिप्टी कलेक्टर मुंगेली मायानंद चंद्रा, सीयू के सहायक कुल सचिव टीपी सिंह, प्रो. डॉक्टर के के चंद्रा, पंकज चंद्रा एवं ने भी संबोधित। इस अवसर पर लखेश्वरी, हेमा, गंगा, रोशनी, प्रीति, माधव, गोकुल, अनिल, दिनेश, घासी, गिरधर, राधे कंचन राजेंद्र आदि मौजूद थे।

**बिजनेस साइट**

## मार्केट-कैप एलोकेशन के लिए एक अच्छी तरह से स्ट्रक्चर्ड तरीका

**बिलासपुर।** निवेश के बुनियादी सिद्धांतों में से एक है पोर्टफोलियो रीबैलेंसिंग। इसका मतलब है कि जब मार्केट की हलचल की वजह से पोर्टफोलियो अपने वास्तविक संतुलन से दूर चला जाता है, तो पोर्टफोलियो को उसके तय आबंटन पर वापस ले आता है। यह उन मार्केट सेगमेंट में एक्सपोजर कम करके किया जाता है जो बहुत ज्यादा बढ़े हैं और जिनकी तरफ पोर्टफोलियो का झुकाव हो गया है और कैपिटल को उन मार्केट सेगमेंट में दोबारा से आबंटित किया जाता है जो अब जरूरी एलोकेशन के मुकाबले कम प्रतिनिधित्व रखता हैं। इससे यह पक्का होता है कि पोर्टफोलियो किसी एक सेगमेंट में बहुत ज्यादा एक्सपोजर न हो क्योंकि अगर वह सेगमेंट खराब प्रदर्शन करता है तो पोर्टफोलियो जोखिम बढ़ जाएगा। जोखिम प्रबंधन के अलावा, पोर्टफोलियो रीबैलेंसिंग रिटर्न भी बढ़ा सकता है क्योंकि यह निवेशक को उनके बढ़ने के बाद निवेश बेचने और ऐसे निवेश खरीदने के लिए बढ़ावा देता है जो अभी पसंद नहीं किए जा रहे हैं - जिससे निवेशक कम कीमत पर खरीदकर ज्यादा कीमत पर बेच सकते हैं।

हालांकि रीबैलेंसिंग का महत्व अच्छी तरह से समझा जाता है, लेकिन इसे लगातार करना आसान नहीं है। मार्केट का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता, भावनाएं और एक तरफ झुकाव रखने वाले निवेशक के फैसलों पर असर डालते हैं और बार-बार पोर्टफोलियो बदलने पर टैक्स लगता है। इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए, अलग-अलग मार्केट कैपिटलाइजेशन में सक्रिय तौर पर मैनेज किए जाने वाले, डाइवर्सिफाइड इक्विटी फंड्स में निवेश करने वाला एक फंड ऑफ फंड्स इस प्रोसेस को आसान और बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।



**गोविंद सिंह राठौर**
वेदिका इन्वेस्टमेंट, बिलासपुर

1) जैसे-जैसे मार्केट की हालत बदलती है, अलग-अलग मार्केट सेगमेंट - लार्ज, मिड और स्मॉल - का संबंधित आकर्षण और रिटर्न की संभावनाओं को भी बदलता है। ऐसे फंड ऑफ फंड्स रिसर्च और एनालिसिस का इस्तेमाल करके अपने पोर्टफोलियो को इक्विटी फंड्स में प्रभावशाली तौर से पोजिशन करते हैं, जिन्हें इन बदलावों से फायदा हो सकता है। 2) ऐसे फंड ऑफ फंड्स में रीबैलेंसिंग अच्छी तरह से तय फ्रेमवर्क और प्रोसेस पर आधारित होती है जो भावनात्मक फैसले लेने और एक पक्षीय झुकाव को खत्म करती है और अनुशासित रीबैलेंसिंग को मुमकिन बनाती है।

3) इसके अलावा, व्यक्तिगत निवेशकों को आमतौर पर हर बार फंड्स में आने और जाने पर कैपिटल गेन टैक्स देना पड़ता है। इसके उलट, इन फंड ऑफ फंड्स के अंदर रीबैलेंसिंग से निवेशक के स्तर पर टैक्स नहीं लगता है। इससे इनके जरिए निवेश करना और रीबैलेंसिंग करना तुलना में ज्यादा टैक्स-कुशल हो जाता है। निवेशकों के लिए एक ऐसा विकल्प आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल डाइवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप एक्टिव एफओएफ हो सकता है। इसे ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड्स के तौर पर डिजाइन किया गया है। यह एक स्ट्रक्चर्ड इन-हाउस फ्रेमवर्क के जरिए लार्ज, मिड और स्मॉल कैप्स में पूरी सक्रियता से प्रबंधित की गई इक्विटी स्कीम्स तक पहुंच देता है। बाजार की स्थितियों के आधार पर आबंटन को प्रभावशाली तौर पर एडजस्ट करके, यह स्कीम एक ही फंड में मार्केट कैप्स में एक्सपोजर को रीबैलेंस करने में मदद करती है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 02 मार्च से 16 मार्च, 2026 तक निवेश के लिए खुला है।

बिलासपुर, सोमवार 9 मार्च 2026

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



# समाज व राष्ट्र के विकास में महिलाएं निभा रहीं महत्वपूर्ण भूमिका

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शहर में हुए विविध आयोजन, समारोह में मातृ शक्तियों का सम्मान

बिलासपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को भाजपा महिला मोर्चा, हास्य हर्बल योग लाफ्टर क्लब परिवार सहित अन्य संगठनों ने समारोह आयोजित कर महिलाओं का सम्मान किया। यह सम्मान अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को प्रदान किया गया। अतिथियों ने कहा कि आज महिलाएं समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं।

महिला दिवस महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक योगदान को सम्मान देने, समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का एक वैश्विक उत्सव है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों और उनके संघर्षों को याद करने का अवसर है। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों को सलाम करने और उनके सपनों को पंख देने का मौका देता है। यही वजह है कि शहर में रविवार को विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से महिला शक्ति और आत्मनिर्भरता को सलाम किया गया।

## दोहरी भूमिका निभा रहीं महिलाएं : विधानी

जिला भाजपा महिला मोर्चा बिलासपुर शहर ने करबला स्थित भाजपा कार्यालय में महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला शक्तियों का शॉल, श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मंचस्थ अतिथियों की स्वागत बाद भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष स्नेहलता शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी एवं उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ उठा कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी ने अपने उदबोधन में कहा कि आज महिलाएं घर व बाहर काम कर दोहरी भूमिका निभा रही हैं। हर क्षेत्र में मातृ शक्तियों की अपनी एक पकड़ है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि महिलाएं बेटा-बेटियों में अंतर न मानते हुए दोनों को समान अवसर दें। अतिथि प्रदेश मंत्री भाजपा शीलू साहू सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। इसके बाद वरिष्ठ पत्रकार तारणी शुक्ला, सृष्टि सिंह, अधिवक्ता आस्था शुक्ला, सुप्रिया उपासने दुबे, खिलाड़ी जयश्री, रोशनी कौशिक, आरती ठाकुर, समूह की महिलाओं में सीता बाई ध्रुव, कुमारी बाई क्षत्रिय, पिंकी शर्मा का सम्मान किया गया।

इस मौके पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय, प्रियंका गिरी, मंजुला सिंह, कौशिल्या तिर्थानी, सरोजनी कुर्मी, शोभा कश्यप, रीटा भामरा, गीता रजक, विभा गौरहा, मधुबाला टण्डन, कीर्ति झा, संतोषी वस्त्रकार, करूणा यादव, रीना गोस्वामी, श्रद्धा तिवारी, मंगला, जया पाण्डेय, कुसुम साहू, गायत्री दुबे, बैजयंती जोशी, सुमन द्विवेदी, कृष्णा देवी, सीमा, सुषमा सिंह, भारती रजक, राधा वर्मा, सविता रजक, तृप्ति सहित महिला मोर्चा की अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा की जिला महामंत्री नंदिनी क्षत्रिय ने किया।

## कैट ने महिलाओं का सम्मान किया



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के द्वारा महिलाओं का सम्मान किया गया। जिसमें नगर निगम महापौर पूजा विधानी, हाईकोर्ट अधिवक्ता हमीदा सिद्दीकी, डॉ मेघा तिवारी,डॉ राजेश्वरी सहित सेवा और व्यापार के क्षेत्र में शामिल महिलाओं का स्मृति चिह्न भेट कर सम्मान किया। कैट राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी,जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप खेंडेलवाल, संजय मित्तल, सुरेंद्र अजमानी महामंत्री अनिल राघवानी,संगठन महामंत्री परमजीत उबेजा ने बताया हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी कैट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को प्रोत्साहन के लिए उनका सम्मान किया गया।

## स्वास्थ्य व स्वच्छता महत्व बताया



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सीए ब्रांच में महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट्स द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना पांडेय थीं। उन्होंने संबोधन में महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और समाज में अपनी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ प्रकृति वर्मा ने महिलाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। रसलीन बग्गा ने व्यक्तित्व विकास और सौंदर्य से जुड़े पहलुओं पर विचार साझा करते हुए बताया कि आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच ही किसी भी महिला की असली सुंदरता होती है। कार्यक्रम में बिलासपुर की वूमेन एंपावरमेंट कमेटी की अध्यक्ष का योगिता दयालानी वाइस चेयरमैन हरप्रीत होरा, डॉक्टर ऋचा पांडे, डॉक्टर हिमानी चौरसिया, राशि सकुजा, एवं इशप्रीत कौर, अरुणा अग्रवाल समेत कई महिलाओं ने भाग लिया।

## वूमेन्स डे पर फूलों की होली



भारतीय नगर माधो तालाब किटी क्लब के द्वारा आज अन्तर्राष्ट्रीय वुमेन्स डे एवं रंग पंचमी महोत्सव मनाया गया। क्लब की संयोजक मानसी होनप ने सभी महिलाओं को टाइटल देकर सम्मानित किया एवं रंग पंचमी के अवसर पर लड्डू गोपाल की पूजा की गई और फूलों की होली खेली गई। होली के पांचवें दिन चैत्र कृष्ण पंचमी को मनाई जाने वाली 'देवताओं की होली' है, जिसे रंगपंचमी कहा जाता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को गुलाल लगा कर अबीर उड़ाए। इससे सकारात्मक माहौल बना रहा। मान्यता है कि इस दिन देवता पृथ्वी पर आते हैं और फूलों व गुलाल से होली खेलते हैं।

## सर्व विप्र ब्राह्मण समाज ने किया सम्मान



अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सर्व विप्र ब्राह्मण समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसक उद्देश्य समाज में महिलाओं के योगदान को सम्मानित करना और उनके महत्व को रेखांकित करना रहा। इस अवसर पर समूह की सदस्य श्रुति पाण्डेय एवं गायत्री शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं आज समाज के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि महिलाएं न केवल सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं, बल्कि घर-परिवार की जिम्मेदारियों को भी पूरी निष्ठा के साथ निभाकर समाज को मजबूत बनाने में अहम योगदान दे रही हैं।

## लाफ्टर क्लब कर रहा एकजुट



बिलासपुर हास्य हर्बल योग लाफ्टर क्लब परिवार द्वारा कंपनी गार्डन में महिला दिवस पर क्लब की सभी महिलाओं का सम्मान किया गया। इसमें अनिता कोरी, प्रतिभा साहू, आभा सक्सेना, रेणुका राही, अनिता कविराज, श्रीमती श्रीवास, श्रीमती मिश्रा आदि शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन कर रहे शंकर मिश्रा एवं क्लब अध्यक्ष महेंद्र साहू ने माला पहनकर एवं उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर क्लब के सचिव प्रताप प्रथानी, मनेन्द्र यादव, संतोष गुप्ता, रूपेश चावला, प्रताप परवानी, भगवान दास, चांदनी गौरहा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, राजकुमार, पुरुषोत्तम, राजा कछुवाहा, संतोष ताम्रकार सहित अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे।

## मितानिन बहनें व बीएलओ का सम्मान



महिला दिवस के शुभ अवसर पर शहीद विनोद चौबे भवन सरजू बगीचा में महिलाओ के सम्मान कार्यक्रम के तहत वार्ड पार्षद अमित तिवारी के द्वारा क्रमांक 31 एवं 32 के मितानिन बहने, बीएलओ कार्यकर्ता, स्वास्थ्य सहायिका एवं स्वछता दीदीयों का सम्मान महापौर पूजा विधानी, भाजपा नेत्री किरण सिंह, मंडल अध्यक्ष वन्दना तिवारी के हांथो फूल मला,दुपट्टा,श्रीफल एवं साड़ी देकर किया गया। मंच पर भजपा मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, पूर्व अध्यक्ष धीरेन्द्र केशरवानी, पार्षद गणेश रजक, महामंत्री जगदीश साव एवं पार्षद अमित तिवारी उपस्थित रहे।

## तेलुगू समाज ने महिला दिवस मनाया



तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति के महिला विंग द्वारा विश्व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन एवं होली मिलन का कार्यक्रम अन्नपूर्णा कालोनी में धूमधाम से मनाया गया। जी रविकन्ना ने बताया कि इसमें मंच संचालन डी के रत्ना, जी झांसी कर रही थीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी, विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर वाणी राव, अन्य अतिथियों में एल नीरजा, एस संतोषी, बी लता थीं। इस अवसर पर समाज के विकास में अपना योगदान देने वाली महिलाएं वाई दुर्गा राव, जे मीरा पटनायक, कुमारी, अवंतिका, ममता, रमा, डी के रत्ना का सम्मान किया गया है।इसमें पूर्विका, यश्मिता, गणेशिका, सावी, राशिता, प्रसन्ना ग्रुप, बबली, अवंतिका, पार्वती ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## नारियों में है अपार शक्ति व क्षमता



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उसलापुर प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ परमपिता परमात्मा को याद कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गायत्री साहू ग्रामीण जिला अध्यक्ष भाजपा, अनामिका दुबे सोशल वर्कर, क्षमा सिंह समाजसेवी एवं निधि मंडावी थीं। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि श्रीमती साहू ने कहा कि नारियों में अपार शक्ति और क्षमता है। वह हर क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। बीके शिवानी एवं मधु बहन ने स्वागत नृत्य पेश किया। बीके डॉ मनीषा दीदी माउंट आबू ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

## परिवार वह जगह, जहाँ जीवन शुरू




भारतीय सिंधु सभा एव पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत महिला विंग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और होली मिलन पर विशेष समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे 300 से ज्यादा महिलाएं शामिल हुई झूलेलाल साईं जी एव हिंगलाज माता पर पुष्प तथा दीप प्रजल्वित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई भजन कि प्रस्तुति सुहाना टेकचंदनी द्वारा दी गई तत्पश्चात गरिमा शाहनी मोनिका सिदारा एवं कविता मगवानी द्वारा संगठन गीत प्रस्तुत किया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीत भावनी ने सभी महिलाओं को महिला दिवस की बधाई दिवस समाज संगठन से जुड़कर कार्य करने की बात कही सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष कंचन मलघानी महिला दिवस की बधाई दी।

## फाग गीतों पर किया डांस



अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत बिलासपुर इकाई ने महिला दिवस पर ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं, समाज सेवियों सहित 70 महिलाओं को मोमेंटो प्रदान कर उनका सम्मान किया। इसके बाद सभी लोग मिलकर फूलों की होली खेली। फाग गीतों पर डांस किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि किरण सिंह समाज सेविका, विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र अग्रवाल राजू, राजू सुल्तानिया, पुनीता डहरिया, कमल जैन, पुरुषोत्तम अग्रवाल, आरके अग्रवाल, दीक्षा अग्रवाल, रामकली तिवारी थीं। अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने की। मुख्य वक्ता सुनीता मानिकपुरी रहीं। कार्यक्रम का आयोजन शेफाली घोष जिला महिला अध्यक्ष, निर्मल कुमार घोष जिला अध्यक्ष और जिला कमेटी ने किया।

**बहतराई में महिला खेल प्रतियोगिता**

## बालिकाओं, महिलाओं ने किया उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बालिकाओं एवं महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई में एक दिवसीय महिला खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की बालिकाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में कबड्डी, तीरंदाजी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल तथा हॉकी खेलों का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी बिलासपुर विजेता तथा बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी बिलासपुर उपविजेता रही। तृतीय स्थान वीर शिवाजी कबड्डी अकादमी बिलासपुर और चतुर्थ स्थान बिलासा कन्या महाविद्यालय बिलासपुर को प्राप्त हुआ।

तीरंदाजी प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में सुलोचना राज प्रथम, पायल मरावी द्वितीय और माया बघेल तृतीय स्थान, जूनियर वर्ग में नंदनी पोर्ते प्रथम, यामिनी धीवर द्वितीय, सिमरन खुसरो तृतीय, सब-जूनियर वर्ग में स्नेहा प्रथम, निकिता द्वितीय, विनीता नेताम तृतीय एवं मिनी वर्ग में एकता ध्रुव प्रथम, नेहा यादव द्वितीय तथा स्मृति नेताम तृतीय स्थान पर रहीं।

### छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल टीम रही विजेता

बास्केटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल टीम बिलासपुर विजेता तथा बिलासा कन्या महाविद्यालय बिलासपुर उपविजेता रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पुलिस लाइन बिलासपुर की टीम विजेता व राजकिशोर नगर बिलासपुर की टीम उपविजेता रही। बिलासा कन्या महाविद्यालय बिलासपुर को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। हॉकी प्रतियोगिता में टीम 'ए' स्व. बी.आर. यादव राज्य हॉकी बिलासपुर विजेता और टीम 'बी' खेलो इंडिया हॉकी बिलासपुर उपविजेता रही। टीम 'सी' हॉकी बिलासपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा टीम 'डी' हॉकी बिलासपुर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। अंत में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायक संचालक ए. एक्का, क्रीड़ा अधिकारी डॉ सुनील गौरहा, हॉकी हेड कोच अजीत ई. लकड़ा, वरिष्ठ प्रशिक्षक राकेश टोप्पो, कबड्डी प्रशिक्षक दिल कुमार राठौर, वॉलीबॉल प्रशिक्षक हरगुलशन सिंह, श्रीनिवास नायर, तीरंदाजी सहायक प्रशिक्षक ए.पी.सी. ईतवारी राज, मनमोहन पटेल सहित स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई के अधिकारियों-कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## सर्व यादव समाज ने किया महिलाओं का सम्मान



सर्व यादव समाज द्वारा बृहस्पति बाजार स्थित स्वर्गीय बीआर यादव गार्डन में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व यादव समाज की महिला टीम ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने फाग में भाग लेते हुए पारंपरिक फाल्गुन गीत गाए और झांझ-मंजीरा बजाकर होली का उत्साह बढ़ाया। सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने कहा कि कार्यक्रम में महिलाओं का फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। जिला अध्यक्ष गीता यादव ने समाज के लोगों को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। जरूरतमंद लोगों की सहायता करने का भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में गीता यादव, सरिता यादव, लक्ष्मी यादव, पुष्पा यादव, मधु यादव, प्रतिभा यादव, शांति यादव, लक्ष्मी यादव, कल्पना यादव, सीमा यादव, मीना यादव, मनीषा यादव, मालती यादव, प्रियंका यादव, सीमा यादव, द्रोपती यादव, हेमा यादव, पूर्णिमा यादव, सुधा यादव, जमुना यादव, चंद्रिका यादव, पार्वती यादव, श्यामा यादव, कालीचरण यादव, दिनेश यादव, मनीराम यादव, रामचंद्र यादव शिवचरण यादव, बहोरन यादव, अमित यादव, अभिमन्यु यादव, विष्णु यादव, छोटू यादव, ईश्वर यादव, प्रकाश यादव, सुखनंदन यादव, गोलू यादव, रामफल यादव, महेंद्र यादव, रामलाल यादव, आकाश यादव, कृष्ण कुमार यादव आदि मौजूद थे।

## कल्याण मंच ने किया महिलाओं का सम्मान



तिफरा विकास नगर कल्याण मंच द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सभी सदस्यों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को रंग पंचमी की शुभकामनाएं दी। इस दौरान महिला विंग की सदस्यों ने भी जमकर होली गीत पर फाग गीतों का आनंद लिया। घर घर जाकर होली की शुभकामनाएं दी। टमाटम का झोझो और भजिया ने इस उत्सव पर रंग भर दिया। सभी ने एक दूसरे से मिलकर अपनी शुभकामनाएं दी। समाज में एकता और सौहाद्र का परिचय दिया। इस दौरान मंच के पदाधिकारियों ने महिलाओं का सम्मान का किया।

## समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति का होली मिलन



समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् के तत्वावधान में होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में रविवार सरकंडा स्थित शशि राघवेन्द्र द्विवेदी के निवास में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संगठन की जिला सचिव अंजू शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम भगवान परशुराम एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। होली के पारंपरिक गीतों फाग एवं भजनों की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उत्सवमय बना दिया। संगठन की जिलाध्यक्ष रमा दीवान ने कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार ही नहीं बल्कि सामाजिक समरसता आपसी सौहार्द और बुराइयों पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में संगठन की प्रमुख सलाहकार शशि द्विवेदी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राही दुबे ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभा पांडेय, स्वाति दीवान, प्रीति पांडेय, प्रियंका दुबे, चांदनी मिश्रा उपस्थित रहें।

## मंगला में दिखा महिला सशक्तिकरण

मंगला में महिलाओं ने रंग पंचमी के पावन अवसर पर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर गले मिले। विश्व महिला दिवस का सेलीब्रेशन भी हुआ। यह अनूठा आयोजन पारंपरिक होली और महिला सशक्तिकरण का एक संगम बना।





# अल्लू अर्जुन की सिक्योरिटी ने जूनियर एनटीआर के बॉडी डबल को दिया धक्का

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी के रिसेप्शन का एक वायरल वीडियो चर्चा में है। इसमें अल्लू अर्जुन के साथ आए सिक्योरिटी वालों को भीड़ में एक आदमी को धक्का देते हुए देखा गया। बाद में उस आदमी की पहचान ईश्वर हैरिस के तौर पर हुई। हैरिस को इंडस्ट्री में जूनियर एनटीआर का बॉडी डबल माना जाता है। हैरिस ने सोशल मीडिया पर लिखा 'हम उसी समय अंदर जा रहे थे, जब अल्लू अर्जुन अ दर आ रहे थे। जब वह तस्वीरें क्लिक करने के लिए स्टेज के पास आ रहे थे, तो उनके बाउंसरों को लगा कि मैं उनके पास फोटो लेने आ रहा हूं या कैमरा ब्लॉक कर सकता हूं। इसलिए उन्होंने मुझे रोक दिया।'

लाइफ Style



# प्रियंका
## खुद को फैशन गर्ल नहीं मानती थीं

हाल ही में गोइंग रोग पॉडकास्ट में प्रियंका ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा कि वह बचपन में खुद को फैशन गर्ल नहीं मानती थीं, लेकिन उन्हें अपनी स्टाइल के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद था।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियंका ने बताया कि 90 के दशक में स्कूल के दिनों में उनका लुक काफी ट्रेंडी हुआ करता था-फ्लेयर्ड जींस, क्रॉप टॉप और बेली बटन पियर्सिंग। उसी दौरान एक बार उनका पियर्सिंग बंद हो गया, तो उन्होंने उसे दोबारा खुद ही कर लिया। प्रियंका ने हंसते हुए कहा, 'मैंने एक बार कैब के पीछे बैठकर अपना बेली बटन फिर से पियर्स कर लिया था। उस समय हम 90s में यही सब करते थे।' उन्होंने यह भी बताया कि उस समय उन्हें फैशन की ज्यादा समझ नहीं थी, लेकिन उन्हें यह पता था कि किस तरह के कपड़े और स्टाइल उन पर अच्छे लगते हैं।

प्रियंका ने अपने मिस इंडिया और मिस वर्ल्ड के दिनों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि जब वह मिस इंडिया प्रतियोगिता में गईं तो उन्होंने पहले कभी मॉडलिंग नहीं की थी, इसलिए शुरुआत में सब कुछ उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव था। प्रियंका चोपड़ा हाल ही में फिल्म 'द ब्लफ' में नजर आई थीं। यह अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। प्रियंका चोपड़ा जल्द ही राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में नजर आने वाली हैं। यह 7 अप्रैल, 2027 को रिलीज होने वाली है। वह वेब सीरीज 'सिटाडेल 2' में भी नजर आने वाली हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# जेफ के लिए पूरी दुनिया थीं स्टेफनी

**लॉस एंजिल्स।** यूट्यूब पर जेफ निपर्ड अपनी फिटनेस वीडियो के लिए मशहूर रहे, उनके मिलियन में फॉलोअर्स हैं। हाल ही में जेफ निपर्ड की मंगेतर डॉ. स्टेफनी बटरमोर का निधन हो गया है। जेफ गहरे सदमे में हैं। जैसा कि आप में से कई लोग जानते हैं, स्टेफनी जेफ के लिए पूरी दुनिया थीं। स्टेफनी को उनके प्यार और दयालु व्यवहार के लिए याद किया जाएगा। वह ओवेरियन कैंसर पर **PhD** रिसर्च कर रही थीं, इसके लिए उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। हम आपसे जेफ की प्राइवेसी को बरकरार रखने की उम्मीद करते हैं।



# पीटर जैक्सन पाम डी ओर से होंगे सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** न्यूजीलैंड के प्रशंसित फिल्म निर्माता-निर्देशक और स्क्रिप्ट राइटर पीटर जैक्सन को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में पाम डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। ऑस्कर विजेता पीटर जैक्सन को 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' को बड़े पर्दे पर लाने के लिए जाना जाता है। पाम डी'ओर से सम्मानित होने के साथ ही वो इससे सम्मानित हस्तियों की सूची में शामिल होंगे, जिनमें एग्नेस वर्दा, मार्को बेलोचियो, जोडी फोस्टर, मेरिल स्ट्रीप और पिछले साल के विजेता रॉबर्ट डी नीरो शामिल हैं। पीटर जैक्सन को यह सम्मान 12 से 23 मई तक चलने वाले 79वें कान फिल्म महोत्सव में प्रदान किया जाएगा। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पीटर जैक्सन ने इसे अपने कॅरियर के सबसे यादगार पलों में से एक बताया। निर्देशक ने कहा, 'कान में मानद पाम डी'ओर से सम्मानित होना मेरे करियर के सबसे बड़े सौभाग्य में से एक है।



# सलमान की हीरोइन बनेंगी नयनतारा

**मुंबई।** सलमान खान अब साउथ की सुपरस्टार नयनतारा के साथ स्क्रीन शेयर कर सकते हैं। हाल में खबर सामने आ रही है कि डायरेक्टर वामशी पैडिपल्ली के साथ बन रही फिल्म में ये जोड़ी नजर आने वाली है। बॉलीवुड एक्टर सिकंदर जैसी फिल्म के बाद एक बड़ी हिट की तलाश में हैं। बैटल ऑफ गलवान के अलावा कई अन्य प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहे हैं। इसके अलावा उनके पास कई बड़ी फिल्मों की स्क्रिप्ट हैं। इसमें से एक साउथ डायरेक्टर वामशी पैडिपल्ली की अगली बड़े स्केल की फिल्म है। रिपोर्ट की मानें तो वामशी सलमान के साथ एक बड़ी एंटरटेनर फिल्म बना रहे हैं जिसकी हीरोइन नयनतारा हो सकती हैं। सलमान और नयनतारा की जोड़ी फैंस को पसंद आने वाली है। साल 2023 में आई फिल्म जवान में नयनतारा को शाहरुख खान के साथ रोमांस करते हुए देखा था।



# शेरनियों के बिना सिंघम कुछ नहीं: अजय

**मुंबई।** अजय देवगन ने अपने जीवन की महिलाओं के लिए एक इमोशनल पोस्ट शेयर करके सोशल मीडिया पर सबका दिल जीत लिया। एक्टर ने अपनी पत्नी काजोल, बेटी नीसा देवगन, सासु मां तनुजा और परिवार के बाकी सदस्यों की कुछ खास तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें अपनी 'शेरनियां' बताया। उनके कैप्शन में लिखा था, 'यह सिंघम अपनी शेरनियों के बिना कुछ भी नहीं है,' इस एक लाइन पर ही उनके चाहने वाले फिदा हो गए हैं। पहली तस्वीर में काजोल, तनीषा मुखर्जी, तनुजा और अजय की मां वीना देवगन के साथ एक प्यारा फैमिली मोमेंट दिखाया गया है। सभी महिलाएं सजी-धजी कैमरे के सामने पोज दे रही हैं, जिनमें प्यार प्यार दिख रहा है। यह तस्वीर परिवार की पीढ़ियों के बीच मजबूत बंधन को दिखाती है।

## टीवी मसाला



# एल्विश ने जिया शंकर को रोमांटिक अंदाज में किया प्रपोज

**नई दिल्ली।** एल्विश यादव और जिया शंकर की सगाई और शादी की खबरें पिछले काफी वक्त से चर्चा में बनी हुई है। लेकिन अब एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये दावा किया जा रहा है कि एल्विश ने जिया को प्रपोज किया है। एल्विश के प्रपोजल को जिया ने एक्सेप्ट भी कर लिया है। लेकिन क्या यह सच है? क्योंकि जिया ने पहले बताया था कि उनका एक बॉयफ्रेंड है। तो अब क्या चल रहा है? दरअसल, रियलिटी शो एंगेज्ड सीजन 2 के हालिया एपिसोड में एल्विश ने एक घुटने पर बैठकर, हाथ में लाल गुलाब लेकर जिया को प्रपोज किया। एल्विश ने जिया से पूछा, 'क्या तुम मुझसे शादी करोगी?' इस पर जिया ने जवाब दिया, 'मैं तुमसे प्यार करती हूं और तुमसे शादी करूंगी।' दोनों का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसके बाद कई फैंस दोनों को बधाई भी दे रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि यह प्रस्ताव शो के लिए रचा गया था। कहानी में आगे क्या होता है, यह जानने के लिए दर्शकों को आगामी एपिसोड का इंतजार करना होगा। इससे पहले फ्री प्रेस जर्नल के साथ बातचीत में जिया शंकर ने अपने बॉयफ्रेंड के बारे में बात की थी। हालांकि, उन्होंने उसका नाम नहीं बताया था। एल्विश के साथ अपनी सगाई की प्रमोशनल पोस्ट से मचे बवाल पर टिप्पणी करते हुए जिया ने कहा था कि उनके परिवार और उनके बॉयफ्रेंड के परिवार दोनों को इस दृश्य की जानकारी थी। इसलिए किसी को आश्चर्य नहीं हुआ।

## पोद्दार हाउस में अभिरा की होगी वापसी



**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के पॉपुलर शो में से एक माना जाने वाला ये रिश्ता क्या कहलाता है में अब तक का सबसे बड़ा धमाका होने वाला है. फैंस को शो में इस ट्रैक का काफी दिनों से इंतजार था. ये रिश्ता के लेटेस्ट एपिसोड में देखने को मिला था कि अस्पताल के बेड पर बड़ी दादी सा ने अभिरा से घर वापसी की बात कही थी। दादी सा ने कहा था कि अभिरा के बिना परिवार एकदम अधूरा है. कावेरी पोद्दार की ये सारी बातें अभिरा चुपचाप सुन लेती है. दादी सा अपनी आखिरी इच्छा जाहिर करते हुए कहती हैं कि लड़की वापस आ जा, यही मेरी आखिरी इच्छा है. शो के अपकमिंग एपिसोड में देखने को मिलेगा कि अभिरा ना सिर्फ पोद्दार हाउस में वापस आएगी। बल्कि, अपने स्वैग से अरमान और विद्या के भी होश उड़ा देगी. शो का जो लेटेस्ट प्रोमो सामने आया है उसमें देखने को मिला कि दादी सा अब घर आ चुकी हैं. ऐसे में पोद्दार परिवार के लोग उनके स्वागत में लग जाते हैं। वहीं, अरमान अपनी दादी की आरती उतारता है।

# ऐश्वर्या और अभिषेक ने 'सलाम-ए-इश्क' गाने पर नीता अंबानी संग किया डांस

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन और नीता अंबानी का एक वीडियो इंटरनेट पर हर किसी का दिल जीत रहा है। तीनों एक साथ शादी में डांस कर रहे हैं। फैंस के लिए ये पल बेहद खास है। सलमान के गाने 'सलाम-ए-इश्क' पर तीनों ने जमकर अपने पैर थिरकाए। ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन और नीता अंबानी ने एक साथ मिलकर खूब डांस किया है। जी हां, तीनों के डांस के वीडियोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो को देखकर लगता है कि यही आज का सबसे चर्चित विषय है।



मुदित अडानी और अनन्या दीवानजी की शादी में नीता, ऐश्वर्या और अभिषेक के साथ मंच पर आईं और उन्होंने एक यादगार डांस परफॉर्मेंस दी, जिसने सभी लोगों और बाद में इंटरनेट यूजर्स का भी दिल जीत लिया। वीडियो में, तीनों फेमस गाने 'सलाम-ए-इश्क' पर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं।

*नई दिलली। 'तू खुद की खोज में निकल, तू किस लिए हताश है, तू चल तेरे वजूद की, समय को भी तलाश है।' तापसी पन्नू अभिनीत फिल्म पिंक में तनवीर गाजी की लिखी ये पक्तियां महिला सशक्तीकरण की राह आम स्त्रियों को दिखाती है। इसी तरह कई महिला केंद्रित फिल्मों के संवाद भी महिलाओं को प्रेरित करते हैं, उनकी शक्ति और क्षमता का परिचय दुनिया को करवाते हैं।*

# डायलॉग्स ने किया प्रेरित, बड़े पर्दे पर संवाद बने महिला शक्ति का प्रतीक

***पिंक ने समझाया ना का असल मतलब*** : साल 2016 में रिलीज हुई तापसी पन्नू स्टारर फिल्म पिंक को अनिरुद्ध रॉय चौधरी ने निर्देशित किया था। फिल्म का सबसे सशक्त संवाद 'ना का मतलब ना होता है' रहा। यह डायलॉग बताता है कि एक महिला की अस्वीकृति का सम्मान किया जाना चाहिए।

***गुंजन सक्सेना ने सपनों को दी उड़ान*** : साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल' में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। फिल्म में का यह संवाद दुनिया से लड़कर अपने सपनों को पूरा करनी की उम्मीद देता है। एक स्त्री को उसकी क्षमता से वाकिफ करता है।

***दंगल ने दी लैंगिक समानता की सीख*** : साल 2016 में रिलीज हुई आमिर खान की फिल्म 'दंगल' में एक पिता अपनी



बेटियों को रेसलर बनाता है। दुनिया को बताता है कि गोल्ड मेडल लड़का लाए या लड़की, मेडल तो मेडल होता है। यह फिल्म अपने इसी चर्चित संवाद के जरिए सहजता से लैंगिक समानता की सीख दर्शकों को देती है।

**कभी हार ना मनाने का संदेश देती गंगूबाई काठियावाड़ी** : संजय लीला भंसाली निर्देशित फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी(2022)' एक वेश्या की कहानी जरूरी थी। लेकिन इस कहानी में एक स्त्री के कभी ना हार माने की क्षमता को भी बखूबी दिखाया गया। फिल्म पुरुषों को उनका कुरूप चेहरा भी दिखाती है। इस फिल्म के कई डायलॉग मशहूर हुए, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चित यही डायलॉग रहा है।

***थप्पड़ फिल्म ने समझाया स्वाभिमान का महत्व*** : साल 2020 में रिलीज फिल्म थप्पड़ में तापसी पन्नू के किरदार ने घरेलु हिंसा के खिलाफ मुखरता से आवाज उठाई।

# दमदार कहानी के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर कमजोर पड़ीं महिला केंद्रित फिल्में





**नई दिल्ली।** आधी आबादी की उपलब्धियों पर गर्व किया जाता है। देश, समाज में दिए गए योगदान को सराहा जाता है। मगर बात जब सिनेमा की आती है तो निराशा हाथ लगती है। आज भी महिला केंद्रित फिल्में अपने वजूद के लिए संघर्ष कर रही हैं। इस संघर्ष के पीछे कई कारण मौजूद हैं। 'पुरुषों की दुनिया में आगे बढ़ने वाली महिला खास होती हैं' अमेरिकन सिंगर रिहाना का कहा गया यह कथन हिंदी सिनेमा में अब तक सच नहीं हुआ। 21वीं सदी में आकर भी दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनाने वाले बॉलीवुड में महिला केंद्रित कहानी अपने लिए जगह बनाने की कोशिश में लगी हैं। तमाम कोशिशों के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में सफलता से कोसों दूर हैं। ऐसा नहीं है कि महिला कलाकार या निर्देशक सार्थक प्रयास नहीं कर रहे हैं। इस साल अब तक दो महिला केंद्रित हिंदी फिल्में रिलीज हुईं, तापसी पन्नू की 'अस्सी' और रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3'। दोनों ही फिल्मों में महिलाओं से जुड़े संवेदनशील विषय को उठाया गया है। फिल्म 'अस्सी' दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध पर बात करती है, वहीं 'मर्दानी 3' बच्चों की तस्करी जैसा मुद्दा उठाती है। दोनों कहानियां भीतर तक झकझोरती हैं। लेकिन, इनके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को देखें तो पता चलता है कि दर्शक इनसे दूरी बनाकर चले। फिल्म 'अस्सी' ने रिलीज के 16वें दिन तक सिर्फ 10 करोड़ रुपये कमाए। वहीं रानी मुखर्जी स्टारर 'मर्दानी 3' ने 37वें दिन तक 50.36 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन किया है। पिछले साल काजोल की फिल्म 'मां' थिएटर में रिलीज हुई। वहीं ओटीटी पर 'मिसेज' जैसी फिल्म देखने को मिली।

**मुख्यालय पटवारी हल्का नंबर 12**
**रा.नि.मं. बेलगहना**
**तहसील - बिलासपुर (छ.ग.)**

दिनांक 02/03/2026

प्रति,

1 किशोरी लाल पिता महावीर 2. बहादुर सिंह पिता गलियाराम 3. दुर्गा सिंह पिता सुरेश बहादुर 4. राजकुमारी पति मनोहर लीलीबाई पति वीरेन्द्र एवं अन्य

विषय :- सीमांकन / स्थल जांच के समय मौके पर उपस्थित होने बाबत ।

सन्दर्भ :- न्याया.अ.वि.अ./तहसीलदार/अति.तहसीलदार/ना.तहसीलदारके ज्ञापन क्र.नं. 180/तहण./2026

विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम बेलगहना प.ह.न.12 रा.नि.मं. बेलगहना तहसील बेलगहना जिला-बिलासपुर अंतर्गत आवेदक किशोरी लाल पिता/पति महावीर जाति यादव निवासी बिलासपुर द्वारा आवेद्दित ग्राम बेलगहना स्थित भूमि. ख.न.-15/7, 71/7, 113/13, 115/3 रकबा क्रमशः 0.220, 0.250, 0.280, 0.080 हे. का सीमांकन/स्थल जांच संदर्भित आदेशानुसार किया जाना है । इस हेतु से आप अपना उक्त भूमि से सम्बंधित समस्त कागजात लेकर दिनांक 16/03/26 को प्रातः 11 बजे से स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे। उपस्थित नहीं होने कि दशा में आपकी मौन स्वीकृति मानकर सीमांकन/स्थल जांच किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

**हस्ताक्षर हल्का पटवारी**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

रा.प्र.क्रं. /ब-121/2025-26
ग्राम डोमनपुर प.ह.नं.07

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम डोमनपुर वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती /कु. रवि सिंह, पिता/पति स्व. कुवर सिंह जाति सतनामी निवासी ग्राम डोमनपुर तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने पिता स्व. कुंवर सिंह जन्म/मृत्यु दिनांक 03/06/2009 को ग्राम पंचायत डोमनपुर में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 12/3/2026 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/2/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जरहागांव**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

ई-कोर्ट प्र.क्र.202401072400114/अ-27/2023-24 ग्राम-कछार, तहसील-बिलासपुर, जिला बिलासपुर

01. अनिल कुमार पिता स्व. राजकुमार कश्यप 02. सुनील कुमार पिता स्व. राजकुमार कश्यप 03. प्रेमा बाई वेवा राजकुमार कश्यप निवासी एस.बी.टी. कालेज, उपर पारा कुदुदण्ड तहसील व जिला बिलासपुर........ अपीलार्थीनी बनाम 01. सुशील कमार स्व. वृदानंद 02. सुधीर कुमार 03. माधुरी पंत्री वृदानंद निवासी विष्णु नगर कुदुदण्ड, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर 04. उषा मृत वारिसान अभय कश्यप अभिनय कश्यप आभा कश्यप 05. शुभम सोनी पिता राजेन्द्र कुमार सोनी निवासी वार्ड नं.-24, तेलीपारा रोड, जगत ऐजेंसी के सामने बिलासपुर: ...उत्तरवादीगण

सूचना

प्रति, 01. सुशील कमार स्व. वृदानंद 02. सुधीर कुमार 03. माधुरी पंत्री वृदानंद निवासी विष्णु नगर कुदुदण्ड बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर 04. उषा मृत वारिसान आभा कश्यप, अभय कश्यप अभिनय कश्यप 05. शुभम सोनी पिता राजेन्द्र कुमार सोनी निवासी वार्ड नं.-24, तेलीपारा रोड, जगत ऐजेंसी के सामने बिलासपुर. ...उत्तरवादीगण

विषय:- पेशी में उपस्थित होने बाबत ।

इस न्यायालय में अपीलार्थी अनिल कुमार पिता स्व. राजकुमार कश्यप सुनील कुमार पिता स्व. राजकुमार कश्यप, प्रेमा बाई वेवा राजकुमार कश्यप निवासी एस.बी.टी. कालेज, उपर पारा कुदुदण्ड ताहसील व जिला बिलासपुर की ओर से छ.ग.भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 44 (1) के तहत मौजा कछार की भूमि के संबंध में न्यायालय नायब तहसीलदार, बिलासपुर द्वारा रा.प्र.क्र.202309074200039/अ-27/2021-22 में पारीत आदेश दिनांक 14/12/2023 के विरूद्ध अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.03.2026 को अधोहस्ताक्षरर्ता के न्यायालय में नियत है।

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि, आप उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उक्त दिनांक एवं स्थान में 3.00 बजे स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण में भाग ले सकते है। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उक्त नियत दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी न्यायालयीन दिवस में की जावेगी। आज दिनांक-05/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### भगवत शरण व भजन को कभी नहीं छोड़ना चाहिएः पं मणीकांत



**तखतपुर।** नगर के ब्लॉक रोड पर आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक पंडित मणीकांत पाठक ने कथा विस्तार करते हुए कहा कि, श्रीमद भागवत की कथा व्यक्ति के जीवन की सभी व्यथा दूर कर देती है। कथा श्रवण के बाद व्यक्ति को चिंतन जरूर करना चाहिए कि, हमें अपने जीवन में भगवत शरण और भजन को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। परंतु व्यक्ति माया के वसीभूत होकर भगवत भजन से दूर हो जाता है और, इसी कारण वह मुसीबतों से घिरा रहता है। कथा के दौरान पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़, पुरूषोत्तम साहू, कांता साहू, बिंदा साहू, नीरा साहू, रिद्धी साहू, पिल्लूराम साहू, छोटे लाल, ढेलूराम साहू, चम्पा, कृष्णा, मथुरा पांडेय, राकेश कसेर, आरती साहू, रामचरण, ममता, प्रमोद, भरत, छेदी साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### रात्रि कालीन क्रिकेट मैच का समापन, नेवसा बनी विजेता



**बेलतरा।** ग्राम पंचायत नेवसा में 22 फरवरी से शुरू हुई रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन 7 मार्च को हुआ। फाइनल मैच ग्राम पंचायत नेवसा व रतनपुर के बीच हुआ, जिसमें ग्राम पंचायत नेवसा ने विजय हासिल किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य कमला विजय साहू व अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत नेवसा माधवी, उमेश साहू व विनोद कुमार कश्यप उपसरपंच के हाथों विजेता टीम को पुरुस्कृत किया गया। विजेताओं को 30 हजार रुपए बीआरसाव महाविद्यालय के सौजन्य से दिया गया। वहीं उपविजेता टीम को 15 हजार शरद कश्यप ग्राम नेवसा के द्वारा दी गई। तृतीय पुरस्कार के रूप में बिलासपुर टीम को 5 हजार 100 सौ रुपए दिया गया।

### नरेंद्र की सराहनीय पहल समाज को दान की जमीन



**मोपका।** बिलासपुर राठौर समाज ग्रामीण के लिए रविवार का दिन एक सुनहरा अवसर रहा। इस अवसर पर प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र राठौर ने अपनी निजी जमीन में से 30 डिसमिल जमीन गृहग्राम रॉक में राठौर समाज को सामाजिक भवन बनाने के लिए दान की। इस अवसर पर बिलासपुर ग्रामीण एवं प्रदेश के पदाधिकारियों में प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष माननीय नरेंद्र राठौर, बिलासपुर ग्रामीण अध्यक्ष धनंजय राठौर, बिलासपुर ग्रामीण सचिव नागेंद्र कुमार राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार राठौर, प्रदेश संगठन सचिव राजेश राठौर, बिलासपुर ग्रामीण संरक्षक एवं गतौरा के अध्यक्ष सुरेश राठौर, भदौरा अध्यक्ष देवलाल राठौर रॉक अध्यक्ष रामेश्वर राठौर, पंकज राठौर ग्रामीण महामंत्री, बलराम राठौड़, दशरथ राठौर, धर्मेन्द्र राठौर, रामलाल राठौर, नारायण राठौर, मिंटा राठौर, अशोक राठौर, संतराम राठौर, सुरेंद्र राठौर, रामफल राठौर, उत्तम राठौर, दारा राठौर, उमेश राठौर, दिग्विजय सिंह राठौर मीडिया प्रभारी के साथ सैकड़ों की संख्या में राठौर समाज के प्रबुद्ध जन एवं सामाजिक बंधुओं की में उपस्थिति रही।

### जय बने बोदरी मंडल के मीडिया प्रभारी

**बोदरी।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा बोदरी



मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार शहर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, जिला मंत्री डॉ देवेंद्र कौशिक व मंडल अध्यक्ष लव श्रीवास की अनुशंसा पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष तामेश कौशिक ने बोदरी मंडल युवा मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित की, जिसमें जय रजक को मंडल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। अपनी नियुक्ति पर जय रजक ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

## निधन

### पंचराम यादव



**लोरमी।** ग्राम भटगांव निवासी पंचराम यादव देवान का 65 वर्ष की आयु में 8 मार्च को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे बड़कू, छोटकु, नन्कु, संतू के भाई थे।

### दुखीन बाई कश्यप



**तखतपुर।** ग्राम बाराही निवासी दुखीन बाई कश्यप का 62 वर्ष की आयु में 8 मार्च को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बाराही में किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुए विविध आयोजन, महिलाओं का किया गया सम्मान

# हर क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली/जरहागांव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले के ग्राम छतौना में वृहद महतारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, कलेक्टर श कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, लोरमी जनपद अध्यक्ष वर्षा सिंह, जिला पंचायत सदस्य अंबालिका साहू, रजनी मानिक सोनवानी, उमाशंकर साहू, जनपद पंचायत मुंगेली अध्यक्ष रामकमल सिंह सहित स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि श्रीकांत कश्यप,जरहागांव नगर अध्यक्ष रुपाली वेदप्रकाश कश्यप, पवन पांडे, अश्वनी कश्यप, मनोज कश्यप आदि मौजूद रहे।

विधायक मोहले ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक



योजनाएं संचालित की जा रही हैं। महतारी वंदन योजना, आवास योजना, बिजली बिल में राहत, स्वच्छ पेयजल की सुविधा और पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ महिलाओं को मिल रहा है। आज महिलाएं देश और राज्य की नेतृत्वकारी भूमिकाओं में भी आगे बढ़ रही हैं और हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने महतारी सदन के निर्माण के लिए 30 लाख रुपये की घोषणा की। कलेक्टर ने कहा, शासन की योजना के तहत अब तक 684 करोड़ रुपए से अधिक की राशि महिलाओं के खातों में सीधे अंतरित की जा चुकी है, जिससे महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने में मदद मिल रही है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागीय 16 अधिकारी-कर्मचारियों एवं राष्ट्रीय स्तर की 38 बालिका खिलाड़ियों, कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 6 बालिकाओं, जरहागांव सुरभि क्लस्टर संगठन की 11 महिलाओं, महतारी वंदन योजना की राशि से व्यवसाय करने वाली 30 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

### सपनों को पूरा करने के लिए लगातार आगे बढ़ती रहें महिलाएं



**तखतपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वयं सिद्धा फाउंडेशन के तत्वावधान में गुरु तेग बहादुर हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला अधिकारी, पार्षद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन तथा स्वास्थ्य विभाग की महिला कर्मचारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ रहीं। इस दौरान अभिनेत्री प्रियंका शर्मा, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, जिला पंचायत सदस्य भारती माली,अंबिका साहू एवं पलक जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि पूजा मक्कड़ ने कहा कि महिलाओं ने समाज में लंबा सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास बहुत जरूरी है। महिलाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए। रविंद्र कौर मक्कड़ ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में पलक जयसवाल, शिल्पा कौशिक, डॉ. कीर्ति कारडा, डॉ. प्रीत मक्कड़, डॉ. अपर्णा गुप्ता, रिशाली शिवहरे, स्वाति कश्यप, डॉ. गरिमा रॉय, सृष्टि शर्मा, माधवी वस्त्रकार, अंबिका साहू, ललिता कश्यप, छाया अग्रवाल, गौरी देवांगन, लवली हुरा, पूजा गुप्ता, जसप्रीत हुरा, अनुपमा पांडेय, अंजू देवांगन, प्रियंका आहूजा, भारती माली, डॉ. रूपल अग्रवाल, दिव्या साहू, डॉ. अमातुल्ला शाम, शुचिता शर्मा, अनुराधा यादव और प्रीति नामदेव रितु साहू सिमरन कौर श्वेता सिंह, रम्या सुभाष, नवीन दुबे प्रियंक सराफ मुकेश सलूजा शामिल रहे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया, मंच संचालन अभिलाषा झा ने किया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन गंगा निषाद द्वारा किया गया।

### गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं शिशुओं का अन्नप्रासन



**सकरी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना सकरी के द्वारा महतारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष डॉ माधवी वस्त्रकार ने कहा कि, महिलाओं का सम्मान और सशक्तीकरण ही समृद्ध समाज की पहचान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, महिला शक्ति ही समाज की असली ताकत है, महिलाओं को सम्मान देना हमारी संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। विशिष्ट अतिथि सभापति जिला पंचायत भारती नीरज माली ने कहा कि, महिलाओं की शिक्षा और जागरूकता से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। जिला पंचायत सभापति अंबिका विनोद साहू ने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और देखभाल पर विशेष ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम को जनपद पंचायत तखतपुर उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, सभापति रंजना तुलसी कौशिक, जनपद सदस्य गीता कृष्णा यादव, कविता महेश यादव, रानी रवि सोनी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मंगला पांडेय, जिलामंत्री लक्ष्मीन साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मनोज साहू सांसद प्रतिनिधि, अवतार मानिक विधायक प्रतिनिधि, राजकमल साहू जिला मंत्री, प्रकाश पाल, सनत पाल, मुकेश साहू, सोनू पटवा, राहुल पाल, सूरज साहू, राकेश साहू, विजय साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चियां, गर्भवती महिलाएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका उपस्थित थीं। कार्यक्रम की संयोजक परियोजना अधिकारी ज्योति तिवारी ने शासन की ओर से महिलाओं को दी गई अधिकार और शक्तियों पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को जागरूक किया। आभार प्रदर्शन पर्वेक्षक गजाला खान ने किया।

### महिला सम्मेलन में आंबा कार्यकर्ता व बालिकाओं का सम्मान



**पथरिया।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना की ओर से मंगल भवन में महिला दिवस सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष चित्ररेखा मनीष जांगड़े, उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक एवं जिला पंचायत सभापति अनीला देवेंद्र राजपूत, महिला बाल विकास सभापति लोकेश साहू उपस्थित रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने कहा कि, आज की महिलाएं अंतरिक्ष से लेकर खेल के मैदान तक और घर की चौखट से लेकर व्यापार की दुनिया तक हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत ने कहा, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और खेल सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियां देश को नई दिशा दे रही हैं। जनपद पंचायत अध्यक्ष चित्ररेखा मनीष जांगड़े ने कहा, आज बेटियां सेना की तीनों शाखाओं में भी अपनी सेवाएं दे रही हैं। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं, महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक, जनपद सदस्य ज्योति रिंकू सिंह, जनपद सभापति लोकेश साहू, अर्चना सिंह ठाकुर, चमेली साहू, अश्वनी वर्मा, संजीव नेताम, कोमल साहू, मनीष साहू, चंद्रशेखर कौशिक, पार्षद इन्द्रजीत यादव, गणेश प्रसाद सोनी, रघुनंदन कर्माकर, बलराम जायसवाल और महेंद्र गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी वीरेंद्र खरे, समस्त पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में महिलाएं और नागरिक मौजूद रहे।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महिला स्टाफ का सम्मान



**मुंगेली।** विश्व महिला दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में महिला स्टाफ का सम्मान एवं स्वास्थ्य जागरूकता समारोह संपन्न हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में कार्यरत समर्पित महिला स्टाफ के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं सभापति गोविंद मोहले, सरपंच अनिल जायसवाल तथा राजेंद्र जायसवाल द्वारा सभी महिला कर्मचारियों का डायरी एवं पेन भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने महिला स्टाफ के समर्पण, सेवा भावना और समाज के प्रति उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि, स्वास्थ्य सेवाओं में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक है। इस अवसर पर डॉ मनीष बंजारा ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना देश और समाज की प्रगति संभव नहीं है। इस अवसर पर मिथलेश राठौर, सुनीता मिरि, जलेश्वरी मिरि, मोनिका जांगड़े, सुधा त्रिवेणी, किशोर, संतोष, अंकिता, रितेश, रीना उपस्थित रहे।

### छात्राओं को किया गया महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक




**मुंगेली।** डॉ जेपीएम शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों और सशक्तिकरण के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पूनम कोरी, कुमारी तृप्ति लकड़ा, डॉ प्रेरणा गुप्ता, कुमारी धनवर्षा देवांगन, कुमारी भारती ध्रुव एवं कुमारी मानसी पात्रे उपस्थित रही, तथा सभी ने महिला सशक्तिकरण, शिक्षा के महत्व और समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रेरणादायक भाषण दिए। वक्ताओं ने अपने संबोधन में महिलाओं की उपलब्धियों, चुनौतियों तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मोनिका, महारानी साहू, काव्या पटेल, दीप्ति साहू, रोशनी ध्रुव ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और महिला सशक्तिकरण से संबंधित अपने विचार साझा किए।

### नारी शक्ति और फाग उत्सव का अद्भुत संगम



**रतनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यादव महिला समाज 'मेरा युवा भारत' बिलासपुर की ओर से रतनपुर में महिला सम्मान एवं रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यादव महिला समिति की अध्यक्ष पूर्णिमा यादव ने की। इस दौरान नारी सशक्तिकरण के साथ रंग पंचमी की सांस्कृतिक छटा भी देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन 'मेरा युवा भारत' ब्लॉक कोटा के प्रतिनिधि संजीव कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर यादव समाज के अध्यक्ष कन्हैया यादव, कृष्ण कुमार यादव, सचिव मनोज यादव, सदस्य देवनारायण यादव, शत्रुघ्न यादव, राजेश यादव एवं राजेन्द्र यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला समिति की सदस्य रिंकी यादव, सपना यादव, सुनीता यादव, पुनीबाई यादव, सीमा यादव, ईश्वरी यादव, उषा यादव, प्रमिला यादव, मानसी यादव, सुनीता कन्हैया यादव, अर्चना, संतोषी, शीला मिश्रा, मंजू और प्रीति यादव मौजूद रहे।

### महिला दिवस पर नारी शक्ति को किया गया सम्मानित



**लोरमी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सर्वोदय राजपूत क्षत्रिय समाज के द्वारा ग्राम चंद्रपुर में समाज की महिला जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष भीषम सिंह राजपूत ने कहा कि, आज हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि, अपने समाज के राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाली नारी शक्ति का सम्मान करने का हमें अवसर प्रदान हुआ। वहीं उपाध्यक्ष जयसिंह राजपूत ने नारी शक्ति के नौ रूपों के बारे में बताया। सेवानिवृत्त बीईओ दिलीप सिंह राजपूत ने नारी शक्ति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को कोषाध्यक्ष भोला सिंह राजपूत, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय सिंह, मिथिलेश राजपूत, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष गायत्री देवीने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन उपाध्यक्ष रामनिवास राजपूत एवं आभार व्यक्त ग्रामीण इकाई अध्यक्ष जगन्नाथ सिंह राजपूत ने किया। इस अवसर पर जलकुमारी, चंद्रिका देवी, सुभद्रा देवी, शैली देवी, रामरती देवी, सरस्वती, धरनी, सीता देवी, मुन्नी देवी, रेशम देवी, ललिता देवी, मंजू देवी, ललता देवी, नीतू देवी, सत्यवती, गीता देवी, राजकुमारी, अनीता का राजनीतिक क्षेत्र में सम्मान किया गया। साथ ही गायत्री देवी, कल्याणी सिंह, मधु देवी, लक्ष्मी देवी मिथिलेश राजपूत, प्रीति राजपूत, चित्रलेखा राजपूत, सुभाषनी राजपूत का सामाजिक सेवा के लिए सम्मान किया गया। कार्यक्रम में श्याम सिंह, घनेंद्र सिंह, श्रवण सिंह, विनोद सिंह, रामकुमार, पुरुषोत्तम, चिरंजीवी, रामावतार, रघुनाथ, महावीर, सतीश, जगदीश, बलवंत सिंह, कृष्णकुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जीपीएम जिले की 94 हजार महिलाओं के खाते में डाली गई महतारी वंदन की राशि

**गौरेला।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को मल्टीपरपज हाई स्कूल पेण्ड्रा के असेंबली हॉल में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन में महिलाओं का सम्मान किया गया। जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा थीं। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि, समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सहित विभिन्न विभागों के महिला अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बतौर मुख्य अतिथि लाल बहादुर शास्त्री मिनी स्टेडियम जनपद पंचायत बस्तर में आयोजित राज्य स्तरीय महतारी वंदन सम्मेलन में वर्चुवली शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जीपीएम जिले सहित धमतरी, सरगुजा, जांजगीर-चांपा और मोहला-मानपुर-चौकी जिले के महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों से वर्चुवली संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने जीपीएम जिले की हितग्राही अनीता साहू से महतारी वंदन की राशि मिलने, राशि का क्या उपयोग करते हैं, बच्चों की पढ़ाई लिखाई एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी ली और उन्हे लगातार प्रगति करने की शुभकामनाए दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना की 25वीं किश्त की राशि महिलाओं के खाते में अंतरित की गई। इस योजना से जीपीएम जिले में 94 हजार महिलाए लाभान्वित हो रही हैं। महतारी वंदन सम्मेलन को जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, नगर पालिका परिषर गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे और जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे ने संबोधित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ महिला कोष योजना से दो स्वसहायता समूहों को और सक्षम योजना के तहत आठ महिलाओं को कुल 9 लाख 63 हजार रुपये का चेक वितरित किया गया। साथ ही फलदार पौधे और समृति चिन्ह देकर महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिला दिवस पर नन्हीं बालिकाओं ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के साथ ही देश की महान महिला विभूतियां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, किरण वेदी, इंदिरा गांधी, सावित्रि बाई फूले, सानिया मिर्जा एवं कल्पना चावला की बहुरुप पोशाक पहनकर अभिनय किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के विकास के लिए कराए जाने वाले गतिविधियों का प्रदर्शन भी किया गया। साथ ही रस्सा-कस्सी, कबडडी आदि विभिन्न खेल गतिविधियों और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य बूंद कुंवर मास्को एवं भंवर सिंह गोवास श्याममणि बृजलाल राठौर, अध्यक्ष नगर पंचायत मरवाही मधु बाबा गुप्ता, नगर पालिका परिषद गौरेला की उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, नीरज जैन, बृजलाल सिंह राठौर तापस शर्मा, एसडीएम पेण्ड्रारोड विक्रांत अंचल, डिप्टी कलेक्टर निकिता मरकाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।



### एनआरएलएम बिहान का होली मिलन समारोह



**लोरमी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवसपर एनआरएलएम बिहान का रंग पंचमी होली मिलन समारोह कबीर भवन लोरमी में आयोजित किया गया, जिसमें महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। इस मौके पर महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष माया रानी सिंह ने कहा कि, पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी ने भारत में पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा दिलाने में क्रांतिकारी भूमिका निभाई एवं पंचायती राज में महिलाओं का आरक्षण अनिवार्य किया। जनपद सभापति विद्यानंद चंद्राकार ने कहा कि, बिहान कार्यकर्ताओं को सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ हड़ताल करना पड़ रहा है। अभिलाष जायसवाल ने महिला दिवस के इतिहास को बताते हुए कहा, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को दुनिया भर में मनाया जाता है, जो महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का सम्मान करने का दिन है। महिला कांग्रेस प्रदेश महामंत्री लतारानी वैष्णव ने कहा, नारी क्रोध में काली का रूप है घर में लक्ष्मी, संघर्ष में सीता है। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष हेमंत मानिकपुरी ने किया। सभापति विद्यानंद चंद्राकार ने सभी महिलाओं को सम्मानित करते हुए साड़ी भेंट किया। कार्यक्रम में बिंदु यादव प्रदेश महासचिव, एश्वर्या राय प्रांत अध्यक्ष कृषि एवं पशु, मंजू यादव ब्लाक अध्यक्ष, शबनम अंसारी ब्लाक सचिव, त्रिवेणी कश्यप, रामेश्वरी राजपूत प्रांत सचिव, प्रिया जायसवाल एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## एस्केलेटर से गिरकर घायल हुई महिला यात्री



**बिलासपुर।** प्लेटफार्म पार करने के लिए एस्केलेटर से जा रही एक महिला यात्री अचानक नीचे गिरकर घायल हो गई। सूचना मिलते ही महिला यात्री का तत्काल उपचार कराया गया। जानकारी के अनुसार एक महिला यात्री अपने परिवार के साथ बिलासपुर से विजयनगरम सफर करने के लिए लिंक एक्सप्रेस पकड़ने स्टेशन पहुंची थी। इस दौरान दूसरे प्लेटफार्म तक जाने के लिए उन्होंने अपने परिवार के साथ एस्केलेटर का उपयोग किया। एस्केलेटर में जाने के दौरान उनका पैर अचानक फिसल गया और वे अनियंत्रित होकर नीचे गए, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट पहुंची। घटना की सूचना मिलते ही स्टेशन पर तैनात कामर्शियल विभाग की स्पेशल टीम और कामर्शियल स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचे। महिला की स्थिति को देखते हुए कर्मचारियों ने मेडिकल टीम को सूचित किया। मौके पर पहुंचकर चिकित्सा टीम ने घायल महिला यात्री का प्राथमिक उपचार कराने के बाद उन्हें रवाना कर दिया गया।

## दूसरे दिन भी उठाईगीरों का सुराग नहीं मिला

**बिलासपुर।** व्यापार विहार में व्यापारी की कार से 8 लाख 25 हजार रुपए नकद, 1 लाख 40 हजार के चांदी सिक्कों की उठाईगीरी के मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालते रह गई। दूसरे दिन भी उठाईगीरों का सुराग नहीं लगा है। ज्ञात हो कि 7 मार्च को व्यापार विहार छोटे पार्किंग स्थित हरे कृष्ण ट्रेडर्स के संचालक अजय कुमार अग्रवाल पिता दीनदयाल अग्रवाल रात 8 बजे बिक्री की रकम 8 लाख 25 हजार रुपए व 1 लाख 40 हजार रुपए 60 नग चांदी के सिक्के, राइसमिल के पेपर थैले में रखकर बाहर निकले। वे थैला अपनी बलेनो कार में रखकर दरवाजा बिना लॉक किए दुकान का शटर बंद कराने में व्यस्त हो गए। उसके बाद कार लेकर अपने घर चले गए। घर जाकर कार की डिक्की खोलकर देखे तो थैला चोरी हो गया था। सूचना पर पुलिस अमला व्यापार विहार, एटीएम चौक, महिमा चौक के आसपास दुकानों में लगी सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगालने में लगी हुई है। बहरहाल दूसरे दिन भी पुलिस उठाईगीरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

## गांजा बेचने वाली महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने गांजा बेचने वाली महिला को गिरफ्तार कर



लिया है। उसके पास से 848 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। सरकण्डा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इमलीभाठा जोगी आवास निवासी मीना सारथी पति प्रकाश सारथी 48 साल को पकड़कर घर की तलाशी ली तो वहां 848 ग्राम गांजा मिला। महिला पुड़िया बनाकर गांजा बेचती थी। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

भीषण गर्मी शुरु होने के साथ बढ़ी परेशानी | उसलापुर रेलवे स्टेशन का हो रहा जीर्णोद्धार

# जगह छोड़-छोड़कर लगाया गया प्लेटफार्म के ऊपर 50-50 मीटर का शेड

**बिलासपुर।** अमृत भारत योजना में बिलासपुर डिवीजन के उसलापुर रेलवे स्टेशन को शामिल करते हुए 14 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार किया जा रहा है, लेकिन स्टेशन के अंदर का हाल काफी बुरा है। करोड़ों की लागत से पुनर्विकसित आदर्श स्टेशन के प्लेटफार्म पर शेड को जगह छोड़ छोड़कर लगाया गया है, जिसके कारण भीषण गर्मी शुरु होने के साथ ही यात्रियों की परेशानी भी बढ़ गई है।



उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन को बिलासपुर रेलवे स्टेशन की तरह बनाया जा रहा है। यहां यात्री ट्रेनों की संख्या भी काफी बढ़ चुकी है, जिसके कारण बिलासपुर स्टेशन के यात्रियों को भी अब उसलापुर रेलवे स्टेशन से कटनी की ओर जाने के लिए ट्रेनों को पकड़ना पड़ रहा है। यात्री ट्रेनों के यहां प्रतिदिन मालगाड़ियों का भी आवागमन होता है। इन सबके बावजूद स्टेशन में यात्रियों के लिए सुविधाओं का काफी अभाव है। बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग से कटनी रूट की ओर जाने वाली ट्रेनों का स्टापेज देने के लिए प्लेटफार्म नम्बर 2 और कटनी रूट से आने वाली ट्रेनों के लिए प्लेटफार्म नम्बर 1 है। यह दोनों प्लेटफार्म के अलावा तीसरे प्लेटफार्म का निर्माण अब तक नहीं किया गया है, जिसकी वजह से कई बार एक ही समय पर आने वाली यात्री ट्रेनें आउटर में घंटों खड़ी रहती हैं। उसलापुर में रेल प्रशासन ने स्टेशन डेवलपमेंट का काम भी शुरु कर दिया है। आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में गोंदिया के साथ दुर्ग, रायपुर और भाटापारा से कटनी की ओर जाने वाली सारी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें, बिलासपुर से पेण्ड्रा और कटनी जाने वाली पैसेंजर ट्रेनों का स्टापेज प्लेटफार्म नम्बर दो और कटनी से रायपुर और बिलासपुर आने वाली ट्रेनों का स्टापेज प्लेटफार्म नम्बर एक पर दिया जा रहा है। इन दोनों प्लेटफार्म पर यात्रियों की सुविधा के लिए पानी पीने की सुविधा तो है, लेकिन भीषण गर्मी और बारिश से बचने के लिए शेड की व्यवस्था जगह छोड़ छोड़कर की गई है।

### नियम से अधिक शेड

रेल अफसरों के अनुसार आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में रेलवे की गाइड लाइन के हिसाब से सारी सुविधा यात्रियों के लिए दी गई है। इस गाइड लाइन के मुताबिक नियमानुसार 400 वर्गफुट तक दोनों प्लेटफार्म पर शेड की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन वर्तमान में शेड 1154 वर्गफुट लगाए गए हैं। यह भी ट्रेन के कोच और यात्रियों की संख्या के हिसाब से कम है। रेलवे जानकारों का कहना है कि उसलापुर स्टेशन को पुनर्विकसित करने के साथ ही बिलासपुर की सारी ट्रेनों को डायवर्ट भी कर दिया गया है, जिसके बाद यात्रियों की संख्या के हिसाब से प्लेटफार्म के एक छोर से दूसरे छोर तक शेड की व्यवस्था होनी चाहिए।

### टाइल्स लगाने का काम पूरा नहीं

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर के प्लेटफार्म नम्बर एक पर कई दिनों से चल रहा टाइल्स लगाने का काम वर्तमान में भी किया जा रहा है। यह कार्य अब तक मुख्य गेट से लेकर सीटीआई कार्यालय तक किया गया है। इसके उपरांत पुराने टाइल्स को तोड़कर नए टाइल्स लगाने का काम बिलासपुर और कटनी की ओर लगे एफओबी तक चल रहा है, जिसमें मजदूर लगे हुए हैं।

### पार्सल कार्यालय 95 फीसदी पूरा

उसलापुर स्टेशन में ट्रेनों की बढ़ोत्तरी के साथ पार्सल कार्यालय की आवश्यकता भी थी, जो वर्तमान में इंक्वायरी काउंटर के साथ चल रहा था। इसके कारण पार्सल बुकिंग व अन्य कार्य में दिक्कत हो रही थी। इसे देखते हुए एक पार्सल कार्यालय का कार्य आरपीएफ पोस्ट के आगे शुरु किया गया, जो वर्तमान में 90 फीसदी से अधिक पूरा हो चुका है।

### जरूरत के अनुसार बढ़ोत्तरी

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में अमृत भारत योजना के तहत काम किया जा रहा है। यहां दोनों प्लेटफार्म पर रेलवे बोर्ड की गाइड लाइन के अनुसार शेड लगे हैं, जो दो गुना अधिक हैं। इसके बावजूद यात्रियों की आवश्यकता और उनकी सुविधा को देखते हुए शेड के विस्तार में बढ़ोत्तरी की जाएगी।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

मकान मालकिन द्वारा घर खाली करने कहने पर हुआ था विवाद

# तीन बच्चों के सामने नशेड़ी पति ने की पत्नी की जघन्य हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिला दिवस के दिन नेहरू नगर में एक महिला की जघन्य हत्या की वारदात से सनसनी फैल गई। मकान मालकिन द्वारा मकान खाली करने को कहने पर नशे में धुत पति ने तीन बच्चों के सामने पहले पत्नी के साथ जमकर मारपीट की। उसके बाद बाल पकड़कर टायलेट के पास ले गया और उसका सिर फर्श पर पटक दिया, फिर ईंट से सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी और भाग निकला। पुलिस ने फरार पति को गिरफ्तार कर लिया है।

- नेहरू नगर में हुई वारदात

कोटा मोहनभाठा निवासी युवराज यादव पिता जगराम यादव 43 साल अपनी पत्नी पुष्पलता यादव 37 साल तीन बच्चे रघुवंश यादव 16 साल, रोशनी 13 साल व एक 5 साल के बच्चे के साथ पिछले दो माह से नेहरू नगर एमआईजी - 33 निवासी मीरा सिंह के मकान में किराए से रह रहे थे। पुष्पलता यादव लोगों के घरों में साफ सफाई का काम कर परिवार का पालन पोषण कर रही थी। युवराज यादव शराब पीने का आदी है और कुछ काम नहीं करता है। आए दिन वह शराब पीकर गाली गलौज कर हंगामा मचाकर घर में विवाद करता रहता था। 8 मार्च की सुबह वह शराब पीकर गाली गलौज कर रहा था। इससे परेशान होकर मकान मालकिन मीरा सिंह ने उसकी पत्नी पुष्पलता यादव नया मकान बनाना है कहकर मकान खाली करने कहा ।

पुष्पलता ने अपने पति से कहा कि वह शराब पीकर हंगामा मचाता है, इसलिए मालकिन मकान खाली करने कह रही है, इस बात पर दोनों के बीच विवाद होने लगा। कुछ देर बाद युवराज यादव घर से निकल गया। दोपहर 1 बजे नशे में घर पहुंचा और तीनों बच्चों के सामने पुष्पलता से विवाद करने लगा। इसी दौरान उनका बेटा रघुवंश यादव पास में रह रहे अपनी दादी को बताने चला गया। युवराज अपनी पत्नी का बाल पकड़कर घसीटते हुए टायलेट के पास लेकर गया और फर्श पर सिर के पिछले हिस्से को पटक दिया। उसके बाद हाथ पैर से मारने के बाद ईंट से सिर के सामने हिस्से पर ताबड़तोड़ हमलाकर जघन्य हत्या कर दी और घर से निकलकर भाग गया। लोगों ने हत्या की सूचना पुलिस को दी। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई एसआर साहू, एएसआई चंद्रकांत डहिरया बल के साथ मौके पर पहुंच गए।



घटनास्थल पर हत्या की तफ्तीश करती पुलिस की टीम। इनसेट में हत्या का आरोपी।

### 27 खोली चौक से गिरफ्तार

पूछताछ के दौरान बेटा रघुवंश ने बताया उसका पिता 27 खोली चौक में गांजा पीने जाता है। पुलिस ने चौक में दबिश दी तो वह नहीं मिला। रात 8.30 बजे सूचना मिली कि आरोपी युवराज यादव 27 खोली चौक में आया है और नशे में है। आरक्षक केशव मार्को, विरेन्द्र राजपूत, विजय शर्मा ने चौक में घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

### पूर्व में की थी ससुर की हत्या

वर्ष 2011 - 12 मृतका परिवार के साथ सरकण्डा अशोकनगर में किराए के मकान में रह रही थी। वहां भी उनका पति युवराज सिंह आए दिन शराब पीकर हंगामा कर विवाद करता था। मृतका का मायका टिकरापारा में है। पति पत्नी के विवाद होने की जानकारी होने पर मृतका का पिता बीच बचाव करने गए तो युवराज यादव ने उनकी हत्या कर दी थी। उक्त मामले में वह दो साल तक जेल में बंद था।

### पहले किचन में की मारपीट

मकान मालकिन के मकान खाली करने कहने पर मृतका को उसके पति ने किचन में विवाद कर मारपीट की थी। उसके बाद वह घर से निकल गया था। दोपहर में लौटने के बाद उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस को किचन में टूटी हुई चूड़ी व अन्य सामान मिला है।

ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम

# विधायक निधि की प्रक्रिया आसान करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विधायक निधि के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की पूरी प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देश्य से ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किए जाने की तैयारी की जा रही है। इसके लागू हो जाने के बाद दी जाने वाली अनुशंसाओं, कार्य प्रारंभ करने हेतु जारी राशि एवं कार्य एजेंसी को जारी वर्क आर्डर एवं कार्य पूर्णता के बाद जारी अंतिम किश्त की राशि जारी होने तक की जानकारी ऑनलाइन देखी जा सकेगी। नए सिस्टम को लेकर अभी काम चल रहा है, नए वित्तीय वर्ष में इसके लागू हो जाने की पूरी संभावना है।

- राज्य स्तर पर किया जा रहा काम
- नए वित्तीय वर्ष से हो सकता है लागू

प्रदेश में विधायक निधि के अंतर्गत कार्यों की अनुशंसा एवं कराए जाने वाले कार्यों की पूरी जानकारी को ऑनलाईन करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए एक ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम नामक सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। अब तक किसी भी अनुशंसा के स्वीकृत या अस्वीकृत होने की दशा में इसकी सूचना पत्र के माध्यम से दी जाती थी, लेकिन ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम लागू हो जाने के बाद अनुशंसा के ऑनलाइन स्वीकृत होने की दशा में ही आदेश अपलोड किया जा सकेगा।

अनुशंसा स्वीकृत होने एवं प्रथम किश्त जारी होने के बाद आदेश की कॉपी भी ऑनलाइन अपलोड कर दी जाएगी, जिससे इसकी जानकारी सभी को हो सकेगी। प्रथम किश्त जारी होने के बाद कार्य एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी होने की सूचना भी अपलोड की जा सकेगी, जिससे इस बात का भी पता चल सकेगा कि उक्त कार्य के लिए दी गई अनुशंसा अब इस स्तर पर पहुंच चुकी है। कार्य समाप्त होने के बाद एजेंसी से कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र लेते हुए इसे भी अपलोड किया जा सकेगा।

कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र अपलोड करने के बाद संबंधित कार्य एजेंसी को जारी की गई अंतिम किश्त की राशि भुगतान की जानकारी भी अपलोड की जाएगी, जो इस पूरी प्रक्रिया का अंतिम चरण होगा।

### प्रभारी मंत्री, विधायकों को दी जाएगी आईडी

ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम लागू होने के बाद प्रदेश के सभी 91 विधायकों एवं 13 प्रभारी मंत्रियों को पर्सनल आईडी जारी की जाएगी। इसके माध्यम से विधायकों को भी अपने द्वारा जारी की गई अनुशंसाओं की जानकारी बस एक क्लिक में ही हो सकेगी। अब तक विधायकों को अपने द्वारा जारी की गई अनुशंसाओं एवं शेष राशि की जानकारी के लिए बार-बार दस्तावेजों की जांच करवानी पड़ती थी, लेकिन ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम के लागू होने के बाद प्रभारी मंत्री एवं विधायक बस एक क्लिक में अपने द्वारा जारी की गई अनुशंसाओं एवं शेष राशि की तत्काल जानकारी प्राप्त कर सकंगे।

### प्रक्रिया चालू है

विधायक निधि के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों की पूरी प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देश्य से ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करने की तैयारी हो रही है। यह कार्य अभी प्रक्रिया में है। उच्चाधिकारियों की दिशा-निर्देश के बाद ही लागू किया जा सकेगा।

**-डोमार सिंह वर्मा,** संयुक्त संचालक एवं स्टेट नोडल

# बिलासपुर से चल रही उड़ानों के बारे में स्थिति साफ नहीं

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने एलाइंस एयर द्वारा पूर्व में जारी समर शेड्यूल को स्थगित करने और राज्य सरकार के साथ चर्चा कर नया शेड्यूल जारी करने के समाचारों के बाद लंबा समय बीतने पर चिंता जताई है।




समिति ने कहा कि वर्तमान में 28 मार्च के बाद बिलासपुर से चलने वाली उड़ानों पर संशय बरकरार है। समिति ने कहा इस समय पर चलेंगे या उनमें समय और दिनों, दोनों में बदलाव होगा। गौर तलब है कि एयरलाइन कंपनियां सर्दी के मौसम और गर्मी के मौसम में सूर्यास्त और सूर्योदय के समय परिवर्तन के कारण 6-6 माह के लिए ही अपना शेड्यूल जारी करती हैं। एलाइंस एयर के द्वारा जारी विंटर शेड्यूल 27 मार्च तक की लागू है। इसके बाद 28 मार्च से 27 अक्टूबर तक के लिए जारी किया गया समर शेड्यूल उड़ानों में कमी होने और उनके दोनों के बारे में यात्रियों के ऋणात्मक राय के कारण कंपनी ने स्थगित कर दिया है। राज्य सरकार के विमानन सचिव और अन्य अधिकारियों के द्वारा भी इस समर शेड्यूल पर नाखुशी जाहिर की थी। इस स्थिति में यह तय किया गया था कि मार्च महीने के प्रथम सप्ताह में राज्य सरकार के अधिकारियों और अलायंस एयर के अधिकारियों के बीच एक बैठक होगी और उसे बैठक में 28 मार्च से जारी होने वाले समर शेड्यूल को अंतिम रूप दिया जाएगा। समिति ने कहा कि यह समय बीत चुका है और अभी तक बैठक होने तक का समाचार नहीं आया है। समिति का कहना है कि यात्रियों को अपने टिकट आदि बुक करने के लिए कम से कम दो सप्ताह की विंडो तो मिलनी ही चाहिए। आज यह पता ही नहीं है कि 28 मार्च के बाद उड़ाने किस समय और किस दिन चलने वाली है । समिति ने कहा कि इस असमंजस में यात्रीगण अभी से रायपुर से दिल्ली और कोलकाता की उड़ान बुक करने के लिए बाद हो रहे हैं जिससे के बिलासपुर हवाई अड्डे से उड़ने वाले यात्रियों की संख्या प्रभावित होगी।

समिति का महा धरना आज भी जारी रहा। इसमें बद्री यादव, परस राम कैवर्त, रवि बनर्जी, शिरीष कश्यप, रामशरण यादव, राशिद बख्श, ऋषि राज गौतम, अनिल गुलहरे, समीर अहमद, बबला केशव, गोरख, हर प्रसाद कैवर्त, महेश दुबे टाटा, देवेंद्र सिंह ठाकुर, मजहर खान, संदीप बाजपेई, अमर बजाज, प्रकाश बहरानी, प्रतीक तिवारी, मनोज तिवारी, विजय वर्मा, रवि खत्री, कृष्ण मुरारी दुबे, अकील अली, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

## घायल कोटवार की इलाज के दौरान मौत

**बिलासपुर।** होली के दिन पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट में घायल कोटवार की इलाज के दौरान मौत हो गई है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक बृजेश मिश्रा ने बताया, 4 मार्च होली के दिन मालखरौदा गोरखापाली निवासी कोटवार रथराम गोंड़ पिता स्व. लक्ष्मण गोंड़ 40 साल के साथ पुरानी रंजिश कोलेकर सुखदेव एवं उसके परिवार के लोगों ने जमकर मारपीट करते हुए जानलेवा हमला कर दिया था। परिजन के द्वारा घायल कोटवार को इलाज के लिए सिविल लाइन क्षेत्र स्थित प्राण दायिनी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। 8 मार्च को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। सूचना पर सिविल लाइन पुलिस के द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। बताया जाता है घटना के दिन आक्रोशित मृतक के परिजनों ने हमलावरों के घर में आग लगा दी थी।

## अनाचार के बाद कराया गर्भपात, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर अनाचार करने के बाद गर्भपात कराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 7 मार्च को क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाई। वह किराए के मकान में रहकर पढाई कर रही है। कालेज में मंगला दीनदयाल कालोनी निवासी गौरव दुबे पिता मनहरण दुबे 21 साल से जान पहचान हुई। वह शादी करने का झांसा देकर पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाने लगा। इसी बीच पीड़िता गर्भवती हो गई। उसने दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया और शादी करने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने गौरव दुबे को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## सखी वन स्टॉप सेन्टर में भर्ती, दावा आपित्त 12 तक

**बिलासपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सखी वन स्टॉप सेन्टर में विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया के तहत प्राप्त आवेदनों की जांच पूरी कर ली गई है। इन आवेदनों पर दावा-आपत्ति 12 मार्च तक पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग के पीछे स्थित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। मूल्यांकन सूची जिले की वेबसाईट बिलासपुर डॉट जीओवी डॉट इन में देखी जा सकती है। सखी वन स्टॉप सेंटर के लिए साइको-सोशल काउंसलर, केसवर्कर, पैरा लीगल कार्मिक-वकील, पैरा मेडिकल कार्मिक, कार्यालय सहायक तथा सुरक्षा गार्ड, नाइट गार्ड पदों के लिए 4 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

# 54 हजार रुपए की वसूली, आरक्षक सहित दो फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्राइम ब्रांच के फर्जी सिपाही बनकर झूठे एनडीपीएस मामले में फंसाने की धमकी देकर एक ग्रामीण से 54 हजार रुपए वसूली करने वाले फरार आरक्षक सहित दो लोगों को पुलिस नहीं पकड़ पाई है। गौरेला से पुलिस की टीम बैरंग लौट गई है।

ज्ञात हो कि 26 फरवरी को कोटा करगीखुर्द निवासी अभिषेक सिंह पिता छत्रप्रताप सिंह के घर के सामने क्राइम ब्रांच के सिपाही बनकर गाली गलौज की गई। उसके बाद मोबाइल में फोन कर उन्हें बुलाया गया और स्कार्पियो क्रमांक सीजी 10, 4800 में बैठाकर एक किलो मीटर दूर ले जाकर 1.50 लाख रुपए की मांग की गई। नहीं देने पर मादर्क पदार्थ रखकर झूठे एनडीपीएस एक्ट के मामले में फंसा देने की धमकी दी गई। डर से उन्होंने युवकों को 54 हजार रुपए नकद दे दिया था। कोटा पुलिस ने पूर्व में पुलिस विभाग में अधिग्रहित स्कार्पियो के प्राइवेट ड्राइवर प्रभात ठाकुर, विनय साहू, आशीष शर्मा, देव बघेल, शुभम यादव, योगेश पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया था। मामले का मुख्य आरोपी जीपीएम जिले के एमटी शाखा में पदस्थ आरक्षक हेमंत राजवाड़े एवं उसके अन्य साथी फरार है।

पुलिस टीम आरक्षक व उसके साथी को पकड़ने गौरेला गई थी, किन्तु टीम बैरंग लौट गई है। टीआई नरेश चौहान ने बताया, फरार आरोपी हेमंत राजवाड़े जीपीएम जिला में आरक्षक है। उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411